कर्मकाण्ड में एक वर्षीय डिप्लोमा

प्रश्नपत्र - 01 देवपूजन विधि

विषय-सूची

खण्ड -1

इकाई- 1 पूजन के पूर्व कर्म१ - 1
दिशाचयन, आसन, शुद्धीकरण, आचमन 1
इकाई- 2 पूजन के पूर्वकर्म२ - 17
पवित्रीकरण, पवित्रीधारण, यजमानभालतिलक 17
इकाई -3 पूजन के पूर्वकर्म -3 27
यज्ञोपवीतविधान, यज्ञोपवीतधारण 27
इकाई -4 पूजन के पूर्वकर्म -4 35
ग्रन्थिबन्धन, शिखाबन्धन, पंचगव्य प्राशन 35
इकाई -5 पूजन के पूर्वकर्म -5 43
गुरुध्यान, सूर्यध्यान, गड्गाध्यान, पितृदेवता- 43

खण्ड- 2

इकाई -6 देवपूजन1 - 59
भद्रसूक्तवाचन, श्रीगणेशस्मरण-कुलादि देवता- 59
इकाई -7 देवपूजन -2 67
द्वादशगणपतिमंगलश्लोक -, पृथ्वीपूजन-, संकल्प, पृथ्वीस्पर्श- 67
इकाई -8 देवपूजन -3 86
कलशस्थापन- 86
इकाई -9 देवपूजन -4 94
गौरीआवाहन एवं पूजन-गणपति- 94
इकाई -10 देवपूजन -5 113
दीपादि पंचांगदेवपूजन 113

खण्ड-3

इकाई -11 स्वस्तिपुण्याहवाचन -1........116
आचार्यपूजन-........116
इकाई 12 -स्वस्तिपुण्याहवाचन2 -........120
पुण्याहवाचन1 -........120
इकाई -13 स्वस्तिपुण्याहवाचन -3........128
पुण्याहवाचन -3........128
इकाई -14 स्वस्तिपुण्याहवाचन -4........140
षोडशमातृकापूजन........140
इकाई -15 स्वस्तिपुण्याहवाचन -5........164
सप्तघृतमातृका पूजन........164

खण्ड -4

इकाई -16 वेदिकास्थापन -पूजन-1........179
चतुष्षष्टियोगिनी, वास्तुपुरुष........179
इकाई -17 वेदिकास्थापन -पूजन-2........219
क्षेत्रपाल, कुण्डस्थ देवतापूजन-........219
इकाई -18 वेदिकास्थापन -पूजन-3........244
नवग्रह, स्थापन एवं पूजन........244
इकाई -19 वेदिकास्थापन -पूजन-4........261
असंख्यातरुद्र, इन्द्रादिदशदिक्पाल, अष्टद्वारपाल, पंचलोकपाल, इन्द्रध्वज-स्थापन-हनुमत्ध्वज........261
इकाई -20 वेदिकास्थापन -पूजन-5........296
प्रधानपीठस्थापनपूजन-........296
परिशिष्ट........318

खण्ड - 1

इकाई- 1 पूजन के पूर्व कर्म- 1

दिशाचयन, आसन, शुद्धीकरण, आचमन

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में पूजा के समय दिशा का चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है तथा आसन इत्यादि का स्थान निहित होता है और शुद्धीकरण और आचमन यह भी पूजा का महत्वपूर्ण अंग है। इस इकाई में पूजन के पूर्व क्रम में इसका प्रयोग कैसे किया जाय इस प्रकाश डाला गया है। इस इकाई से निम्न बातों की जानकारी प्राप्त होगी।

क. कौन सी दिशा पूजा के लिए महत्वपूर्ण होती है।
ख. पूजा के समय कर्ता का मुख किस तरफ होना चाहिए।
ग. पूजा में शुद्धिकरण का प्रयोग कैसे किया जाता है।
घ. पूजा से पूर्व आचमन का विधान क्या है।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को बोध हो सकेगा।
क. दिशा के चयन का।
ख. आसन का।
ग. शुद्धीकरण का।
घ. आचमन का।

दिशा एवं स्थान चयनः-

किसी भी याज्ञिक कर्म में (पूजा-पाठ) में स्थान एवं दिशा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है यद्यपि सारी दिशायें शुद्ध एवं शक्तिमान है मगर ऋषि परम्परानुसार सनातन धर्म में देवार्चन के लिए पूर्व एवं उत्तर और ईशान कोण का विशेष महत्व है और पितृ क्रिया में ऋषियों ने श्राद्ध की दिशा दक्षिण सबसे उत्तम मानी है।

स्नान

स्नान की आवश्यकता प्रातः काल स्नान करने के पश्चात् - मनुष्य शुद्ध होकर जप, पूजापाठ आदि समस्त कर्मों के योग्य बनता - है, अतएव प्रातः स्नान की प्रशंसा की जाती है।

नौ छिद्रों वाले अत्यन्त मलिन शरीर से दिनरात मल निकलता - रहता है, अतः प्रातः काल स्नान करने से शरीर की शुद्धि होती है।

प्रातः स्नानं प्रशंसन्ति दृष्टादृष्टकरं हि तत्।

सर्वमर्हति शुद्धात्मा प्रातः स्नायी जपादिकम्।।

(दक्षस्मृ0 21 9)

अत्यन्तमलिनः कायो नवच्छिद्रसमन्वितः।

स्त्रवत्येष दिवारात्री प्रातः स्नानं विशोधनम्।।

(दक्षस्मृति अ० 21 7)

शुद्ध तीर्थ में प्रातः काल स्नान करना चाहिये, क्योंकि यह मलपूर्ण शरीर शुद्ध तीर्थ में स्नान करने से शुद्ध होता है। प्रातः काल

स्नान करने वाले के पास आसुरी शक्तिया नहीं आती ।

दृष्टिफल - शरीर की स्वच्छता, अदृष्टफलपापनाश तथा पुण्य की -
हैं ये दोनों प्रकार के फल मिलते -प्राप्ति, अतः प्रातःस्नान करना
चाहिये।

प्रातःस्नानं चरित्वाथ शुद्धे तीर्थे विशेषतः।

प्रातःस्नानाद्यतः शुद्धेयेत् कायोैयं मलिनः सदा।।

नोपसर्पन्ति वै दुष्टाः प्रातःस्नायिजनं क्वचितः।

दृष्टादृष्टफलं तस्मात् प्रातःस्नानं समाचरेत्।।

(दक्ष०)

रूप, तेज, बल, पवित्रता, आयु, आरोग्य, निर्लोभता, दुःस्वप्न
का नाश, तप और मेधाये दस गुण स्नान करने वालों को प्राप्त होते -
-हैं

गुणा दश स्नानपरस्य साधोरूपं च ! तेजश्च बलं च शौचम्।

आयुष्यमारोगयमलोलुपत्वं दुःस्वप्ननाशश्च तपश्च मेधाः।।

(दक्षस्मृति अ० 21 13)

वेदमें कहे गये समस्त कार्य स्नान मूलक हैं स्मृति-, अतएव
लक्ष्मी, पुष्टि एवं आरोग्य की वृद्धि चाहने वाले मनुष्य को स्नान
सदैव करना चाहिये।

स्नानमूलाः क्रियाः सर्वाः श्रतिस्मृत्युदिता नृणाम्।

तस्मात् स्नानं निषेवेत श्रीपुष्टयारोग्यवर्धनम्।।

स्नान के भेद- मन्त्रस्नान, भौमस्नान, अग्निस्नान, वायव्यस्नान, दिव्यस्नान, वारुणस्नान और मानसिक स्नान- ये सात प्रकार के स्नान हैं। 'आपो हिष्ठा०' इत्यादि मन्त्रों से मार्जन करना मन्त्रस्नान, समस्त शरीर में मिट्टी लगाना भौमस्नान,, भस्म लगाना अग्निस्नान, गाय के खुर की धूलि लगाना वायव्यस्नान, सूर्यकिरण में वर्षा के जल से स्नान करना दिव्यस्नान, जल में डुबकी लगाकर स्नान करना वारुणस्नान, आत्मचिन्तन करना मानसिक स्नान कहा गया है।

मान्त्रं भौमं तथाग्नेयं वायव्यं दिव्यमेव च।

वारुणं मानसं चैव सप्त स्नानान्यनुक्रमात्।।

आपो हि ष्ठादिभिर्मान्त्रं मृदालम्भस्तु पार्थिवम्।

आग्नेयं भस्मना स्नानं वायव्यं गोरजः स्मृतम्।।

यत्तु सातपवर्षेण स्नानं तद् दिव्यमुच्यते।

अवगाहमे वारुणं स्यात् मानसं ह्मात्मचिन्तनम्।।

(आचारमुख, पृ० 47-48, प्रयोगपारिजात)

अशक्तों के लिये स्नान स्नान में असमर्थ होने पर सिर के -
चे से ही स्नान करना चाहिये अथवा गीले वस्त्र से शरीर को पोंछ नी
-लेना भी एक प्रकार का स्नान कहा गया है

अशिरस्कं भवेत् स्नानं स्नानाशक्तौ तु कर्मिणाम्।

आर्द्रेण वाससा वापि मार्जनं दैहिकं विदुः।।

स्नान की विधि - उषा की लाली से पहले ही स्नान करना उत्तम माना गया है1। इससे प्राजापत्य का फल प्राप्त होता है2। तेल लगाकर तथा देह को मल-मलकर नदी में नहाना मना है। अतः नदी से बाहर तट पर ही देह-हाथ मलकर नहा लें, तब नदी में गोता लगायें3। शास्त्रों ने इसे 'मलापकर्षण' स्नान कहा है। यह अमन्त्रक होता है। यह स्नान स्वास्थ्य और शुचिता दोनों के लिये आवश्यक है। देह में मल रह जाने से शुचिता में कमी आ जाती है और रोमछिद्रों के न खुलने से स्वास्थ्य में भी अवरोध हो जाता है। इसलिये मोटे कपड़े से प्रत्येक अंग को खूब रगडरगड़कर तट पर नहा लेना चाहिये। - कर लें। निवीती होकर बेसन आदि से यज्ञोपवीत भी स्वच्छ

इसके बाद शिखा बाँधकर दोनों हाथों में पवित्रियाँ पहनकर आचमन आदि से होकर दाहिने हाथ में लेकर पृष्ठ 21 के अनुसार संकल्प करें-
अद्‌य......गोत्रोत्पन्नः शर्मा/वर्मा/गुप्तोहम्,
श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्तिपूर्वकं श्रीभगवत्प्रीत्यर्थं च प्रातः,
(मध्याह्ने, सायं) स्नानं करिष्ये।'

संकल्प के पश्चात् निम्नलिखित मन्त्र पढ़कर सभी अंगों में मिट्‌टी लगायें-

अश्वक्रान्ते! रथक्रान्ते! विष्णुकान्ते वसुन्धरे!

मृत्तिके! हर में पापं यन्मया दुष्कृतं कृतम्।।

(दक्षस्मृ० 21 46, पद्‌यपु०, सृ० 20 1214)

इसके पश्चात् गंगाजी की उन उक्तियों को बोलें, जिनमें उन्होंने कह रखा है कि स्नान के समय मेरा जहाँकहीं कोई स्मरण - करेगा, वहाँ के जल में मैं आ जाऊँगी-

नन्दिनी नलिनी सीता मालती च महापगा।

विष्णुपादाब्जसम्भूता गंगा त्रिपथगामिनी।।

भागीरथी भोगवती जाह्नवी त्रिदशेश्वरी।

द्वाद्वशैतानि नामानि यत्र यत्र जलाशये।।

स्नानेद्यतः स्मरेन्नित्यं तत्र तत्र वसाम्यहम्'।।

(आचारप्रकाश, आचारेन्दु, पृ० 45)

जल की सापेक्ष श्रेष्ठता - कुएँ से निकाले हुए जल से झरने का जल, झरने के जल से सरोवर जल, सरोवर के जल से नदी का जल, नदी के जल से तीर्थ का जल और तीर्थ के जल से गंगाजी का जल अधिक श्रेष्ठ माना गया है –

बोध प्रश्न

1- देवआर्चन के लिए कौन सी दिशा उपयुक्त मानी जाती है

1 पश्चिम 2 दक्षिण

3 अग्नि कोण 4 उत्तर और पूर्व

2- यज्ञ मण्डप मे चतुःष्षठ यौगिनी वेदी कि दिशा होती है।

1 अग्नि कोण 2 वायत्य कोण

3 नैकृत्य कोण 4 ईशान कोण

3- पितरो के लिए उपयुक्त दिशा होती है।

1 उत्तर 2 दक्षिण

3 पूर्व 4 पश्चिम

4- चारो दिशाओ के नाम कौन से है।

1 उत्तर अग्नि कोण नैकृत्य कोण

2 वायत्य कोण

3 ईशान कोण पश्चिम

4 उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम

5- पूजा के समय यजमान का मुख होना चाहिए

1 पश्चिम की तरफ 2 दक्षिण की तरफ

3 अग्नि कोण मे 4 उत्तर या पूर्व

यज्ञ के लिए मण्डप एवं देवताओं का स्थान चयनः-

मण्डप 16 हाथ का चतुरस्त्र होना चाहिए विशिष्ट आयोजनों के लिए द्विगणित मान के मण्डप का भी विधान (विधान-पारिजात) में

बतलाया गया है मण्डप की लम्बाई चौड़ाई रस्सी द्वारा माप कर चिन्ह कर लेना चाहिए प्रत्येक दिशा के द्वार पर पांच पांच हाथ के चूर्ण सहित दो दो स्तम्भ मिला कर आठ स्तम्भ तथा चारों कोनों पर चार स्तम्भ सभी को मिलाकर 12 स्तम्भ होते हैं। मण्डप के मध्य के लिए चूर्ण सहित आठ हाथ का स्तम्भ प्रधान वेदी के चारों तरफ गाड़ना चाहिए बीच वाले खम्भों के ऊपर लकड़ी का शिखर बनाकर उसके हिंदू से चार लकड़ी निकालकर चारों खम्भों को एक कर देना चाहिए मण्डप के पूर्वादि दिशाओं में चारों द्वार के एक हांथ आगे तोरण द्वार बनाया जाता है। पूर्व में पीपल का दक्षिण में गूलर का पश्चिम में पाकड़ का तथा उत्तर में बरगद की लकड़ी से तोरण द्वार बनाना उत्तम होता है। दो हाथ चौड़ी, पांच हाथ लम्बी ध्वजा द्विगपालों के वेदी के समीप लगाना चाहिए। कुछ आचार्यो ने इसके आधे मान (माप) को भी प्रसस्त माना है। पूरब में हाथी चित्रित पीली ध्वजा, अग्निकोष में मेघ चित्रित लाल ध्वजा, दक्षिण में महिष चित्रित काली तथा नैऋत्य में सिंह चित्रित नीली और पश्चिम में मछली चित्रित श्वेत तथा वायव्य कोण में हरे रंग का हिरण अंकित ध्वजा तथा उत्तर में घोड़ा अंकित सफेद तथा पूरब ईशान के मध्य हंस अंकित लाल तथा पश्चिम नैऋत्य मध्य गरूड़ अंकित पीत ध्वजा दस हाथ के बांस में लगानी चाहिए।

स्तम्भ पर देवताओं का स्थानः-

मण्डप के मध्य जो चार स्तम्भ होंगे उनमें सर्वप्रथम ईशान स्तम्भ पर ब्रम्हा का. अग्निकोण पर विष्णु का, नैऋत्य कोण पर शंकर का, वायव्य कोण पर इन्द्र का आवाहन, स्थापन, पूजन होगा। बाहर के 12 स्तम्भों की पूजा ईशान कोण से दक्षिणावर्त प्रारम्भ होगी पहले स्तम्भ पर सूर्य, दूसरे पर गणपति, तीसरे पर यम, चौथे पर

नागराज, पांचवे पर स्कन्ध, घंठे पर वायु, सातवें पर सोम, आठवें पर वरुण, नौवें पर अष्टवसु, दसवें पर धनद, ग्यारहवें पर बृहस्पति और बारहवें पर विश्व- कर्मा की पूजा होती है। चारों दरवाजों पर पूर्व - आदिक कर्म में ऋग, जयर्पु, साम तथा अथर्व वेद की पूजा होती है।

देवताओं के निमित्त वेदियों का स्थान चयन:-

मण्डप के मध्य प्रधान वेदी तथा अग्निकोण में चतुर्षष्ठ योगिनी, वास्तु, वायव्य में क्षेत्रपाल तथा ईशान में नवग्रह 1 की वेदी बनाने का विधान है। स्थानाभाव साधक शास्त्र सम्मत नियमों का पालन करते हुए अपने अनुरूप वेदियों का निर्माण कर सकता है।

आसन:-

पूजा में आसन का बड़ा महत्व होता है किसी भी साधना या पूजा को पूर्ण करने में आसन बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं शास्त्रों में कहा गया है:-

जितासनो जितत्वासो जित संगो जितेन्द्रियः

जब टक आसन शुद्ध, सुविधायुक्त तथा शास्त्र सम्मत न हो तो साधना या पूजा पूर्ण नहीं मानी जाती शास्त्रों में बतायी गयी विद्या द्वारा ही आसन का चयन उत्तम माना गया है। कुश, कम्बल, मृगचर्म, व्याघ्रचर्म, रेशम का आसन जप तथा पूजा के लिए उत्तम माना गया है। इसमें भी हर आश्रम' के लिए अलग अलग व्यवस्था बतायी गयी है।

वंशासने टु दारिद्रयं पाषाणे व्याधिरेव च ।

धरण्यां तु भवेद दुख्यम् दौर्भग्यमंद्रिदारुणे ।।

कपड़े के आसन से दरिद्रता तथा पाषाण से व्याधि और जमीन पर बैठ कर पूजा करने से दुख की प्राप्ति होती है।

वृणे धन यशो हानिः पल्लवे चित्तविभ्रमः ।

तिनके पर बैठ कर पूजा करने से धन की हानि तथा पत्ते पर बैठने से चित्त भ्रम युक्त हो जाता है। इस लिए आसन का चयन जो शास्त्रों में बताया गया हो उसी का करना चाहिए कभी कभी हम किसी को देखकर वैसा करने का प्रयास करते हैं जबकि हमारे यहां हर आश्रम के लिए आसन का अलग विधान है:-

मृगचर्म प्रयत्नेन वर्जयेत् पुत्रवान गृहिः

गृहस्थ के लिए तथा पुत्रवान के लिए मृगचर्म पर बैठकर साधना, पूजा निरोध मानी गयी है। मृगचर्म का आसन महात्माओं, वैरागियों और संतो के लिए उत्तम माना गया है ।

गोशकृन्मृन्मयं भिन्नं तथा पालाशपिप्पलम् ।

लोहबद्धं सदैवार्क वर्जयेदासनं बुधः ।।

बांस, मिट्टी पत्थर, वृण, गोबर, प्लाश, पीपल के पत्ते और जिसमें लोहे की कील लगी हो ऐसे आसन पर बैठकर साधना नहीं करनी चाहिए। कुशा एवं रेशम तथा कम्बल का आसन गृहस्थ के लिए उत्तम माना गया है।

बोध प्रश्न

1 गृहस्थ के लिए कौन सा आसन उपयुक्त है।

1 बास 2 पत्थर

3 पलाश 4 कुशा रेशम कम्बल

2 किस आसन पर बैठकर साधना नही करनी चाहिए।

1रेशम 2 कम्बल

3 मृगचर्म 4 बास मिट्‌टी लोहे की कील लगी

3 गृहस्थ और पुत्रवान को किस आसन पे नही बैठना चाहिए

1 मृगचर्म 2 कम्बल

3 कुश 4 रेशम

4 महत्माओ के लिए कौन सा आसन उपयुक्त है।

1पीपल का पत्ता 2 पलाश का पत्ता

3 बास 4 मृगचर्म

5 जमीन पर बैठकर पूजा करने से प्राप्त होता है।

1 धन 2 यश

3 विजय 4 दुख

शुद्धीकरण

जिस स्थान पर बैठकर व जिस आसन पर बैठकर साधना या पूजा की जाये उस स्थान अथवा आसन को पवित्र करने का विधान शास्त्रों में बतलाया गया है आचार्य को यजमान की कार्य सिद्धि की भावना हृदय में रखते हुए पूरी श्रद्धा के साथ दाहिने हाथ में जल देकर विनियोगः चाहिएः-

ॐ पृथ्वीति मन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः

कूर्मो देवता आसन पवित्र करणे विनियोगः।

इस मन्त्र को पढ़ता हुआ आचार्य यजमान को आदेशित करे कि यजमान इस जल को पूरी श्रद्धा के साथ सामने छोड़ दे। तत्पश्चात् हाथ में कुशा अथवा किसी पात्र द्वारा या तो हाथ से ही जल लेकर ही

ॐ पृथ्वि ! त्वया धृता लोका देवि ! त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि! पवित्र कुरु चासनम् ।।

इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर आसन तथा स्थान आदि को पवित्र करना चाहिये ।

सनातन धर्म में ऐसा माना जाता है शुद्धि का हमारे जीवन में बहुत बड़ी आवश्यकता होती है वैसे तो शास्त्रों में मनः पूतं समाचरेत जैसे शब्दों से बतलाया गया है मन की शुद्धता सबसे बड़ी शुद्धता है परन्तु कर्म- में कर्म के माध्यम से, मन्त्रों के माध्यम से स्थान एवं आसन को शुद्ध करने का विधान है।

बोध प्रश्न

1 शुद्धिकरण किस विद्या से उत्तम माना जाता है।

1 दूध छिड़क कर 2 दही छिड़क कर

3 इत्रच छिड़क कर 4 कुशा से जल या गंगाजल छिड़क के

2 शुद्धिकरण के लिए उपयुक्त है।

1 पीपल का पत्ता 2 आम का पत्ता

3 अन्य पत्र 4 कुशा एवं दूर्वा

3 वाह्य शुद्धि मे आता है ।

1 आत्म शुद्धि 2 मानसिक शुद्धि

3 मुख शुद्धि 4 आसन पात्र सामाग्री शुद्धि

4 शुद्धिकरण का उत्तम द्रव्य है।

1 दूध 2 दही

3 घी 4 जल एवं गंगाजल

5. शुद्धिकरण में महत्प होता है।

1. जल 2. कोप जल

3. गंगा जल 4. अन्य पदार्थ

आचमनः-

प्रत्येक साधना तथा पूजा पाठ में आचमन का विधान है आचमन से केवल अपनी ही शुद्धि नहीं। ब्रम्हा से लेकर वृण तक को तृप्त कर देते हैं। आचम न करने पर हमारे समस्त कृत्य व्यर्थ हो जाते हैं। 1 ईशान या पूर्व की ओर मुख करके बैठ जाए हाथ घुटनों के भीतर रखे दक्षिण और पश्चिम की ओर मुख करके आचमन न करें।

यः क्रियां कुरुते मोहादनाचम्यैव नास्तिकः ।

भवन्ति हि वृथा तस्य क्रियाः सर्वा न संशयः ।।

पुराणसार

ऐशानाभिमुखो भूत्वोपस्पृशेच्च यथाविधि ।।

हारीता

आचमन के लिए जल की मात्राः-

आचमन के लिए जल की मात्रा सभी वर्णो के लिए अलग अलग बतायी गयी है ब्राम्हण के लिए आचमन का जल हृदय तक पहुंचे, क्षत्रिय के लिए कष्ठ तक, वैश्य के लिए तालू तक, शूद तथा महिलाओं के लिए जिह्वा तक पहुंच जाये इतना जल लेना चाहिए।

हृत्कष्ठतालुगाभिस्तु यथासंख्यं द्विजातयः ।

शुध्येरन् स्त्री च शूद्रश्य सकृत्स्पृष्टाभिरन्ततः ।।

(याज्ञवल्क्यस्मृति, आचाराध्याय)

आचमन करने की विधिः-

हथेली को मोड़कर गौ के कान की तरह बना ले कनिष्ठिका और अंगूठे को अलग कर लें शेष अंगुलियों को सटाकर मन्त्रों के माध्यम से एक-एक मन्त्र बोलते हुए आचमन करें। आचमन करते समय आवाज नहीं होनी चाहिए:-

ॐ केशवाय नमः

ॐ नारायणाय नमः

ॐ माधवाय नमः

आचमन के बाद अंगूठे के मूल भाग से होठों को दो बार पोंछ लें और कर हाथ धुल लें। पुनः ॐ हृषीकेशाय नमः बोल

आचमन बैठकर करना चाहिए किन्तु यदि नदी या जलाशय के मध्य कोई कार्य हो तो घुटने के ऊपर जल में खड़े होकर के तथा घुटने के नीचे जल में बैठकर आचमन का विधान है।

बोध प्रश्न

1 आचमन कितने बार किया जाता है।

1 एक बार 2 दो बार

3 पाच बार 4 तीन बार

2 आचमन के समय किस अँगुली से दाहिने हाथ का जल स्पर्श करने से सोमपान का फल मिलता है।

1 मध्यमा से 2 कनिष्ठका से

3 अनामिका से 4 तर्जनी स

3 आचमन किस तरह करना चाहिए

1 आचमन पात्र से 2 अन्य किसी पात्र से

3 बाए हाथ से 4 दाहिने हाथ से

4 आचमन न करने से क्या होता है

1 पाप लगता है। 2 पूण्य क्षीण होता है।

3 कोर्द दोष नही 4 समस्त कृत्य व्यर्थ होता है

5. आचमन कब-कब करना चाहिए।

1. पूजा में 2. भोजन में

3. सयन में 4. गमन में

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 पूजा के लिए उत्तम दिशा कौन सी मानी जाती है।

प्रश्न - 2 गृहस्थ को कौन से आसन पर बैठ कर पूजा करनी चाहिए।

प्रश्न - 3 शुद्धीकरण और आचमन में अन्तर बतायें।

प्रश्न - 4 उत्तर और पूर्व के कोने वाली दिशा का नाम बताओ।

प्रश्न - 5 आचमन भगवान के किन नामों को बोल कर करना चाहिए।

♦♦♦

इकाई- ०२ पूजन के पूर्वकर्म- २
पवित्रीकरण, पवित्रीधारण, यजमानभालतिलक

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में पूजन के पूर्व कर्म में पवित्रीकरण और पवित्रीधारण तथा यजमान के मस्तक पर तिलक के विधान के विषय में प्रकाश डाला गया है। सनातन परंपरा में क्रम का बडा महत्व होता है। पवित्रीकरण के पश्चात पवित्रीधारण तथा और विधि कैसी की जाय इस पर प्रकाश डाला गया है। इस इकाई से हमें निम्न बातों का ज्ञान प्राप्त होगा।

क. पवित्रीकरण क्या है।

ख. पवित्रीकरण और पवित्रीधारण दोनों में अंतर।

ग. पवित्रीधारण का नियम क्या है ।

घ. यजमान के मस्तक पर तिलक कैसा होना चाहिए।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को बोध हो सकेगा।

क. पवित्रीकरण का।

ख. पवित्रीधारण का।

ग. यज्ञमान के मस्तक पर तिलक का।

पवित्रीकरणः-

किसी भी साधना एवं पूजा में आसन, स्थान शुद्धि के बाद पवित्रीकरण का विधान बताया गया है जो त्रिकुश अथवा पंचकुश के माध्यम से जल छिड़कते हुए पवित्री करण किया जाता है पवित्रीकरण में उपयोग होने वाला कुशा एक निश्चित मुहुर्त पर, निश्चित समय पर लाया गया हो हो सालभर अथवा नये कुरा के माध्यम से पवित्रीकरण का विधान है।

यज्ञादिक कर्म में पवित्र एवं पवित्री के लिए कुश का चयनः-

यज्ञादिक कर्म में उपयोग किये जाने वाला कुशा या तो भाद्रपद की अमावस्या को लाया गया हो जो साल भर प्रयोग में लाया जाया जाएगा अगर अमावस्था के दिन सोमवार हो तो सोमवती अमावस्या के दिन लाया गया कुशा 12 वर्ष तक प्रयोग में लाया जा सकता है यदि इनका अभाव हो तो व्यक्ति नया कुशा लाकर करके कार्य होने तक उसका प्रयोग कर सकता है प्रयोग के उपरान्त यह पूजा के उपयोग के लिए नहीं रह जाटाः-

कर्मान्त पुनरादाय पवित्रद्वितयं द्विजः
शुचौ देशे विनिक्षिप्य दद्यादेतत् पुनः पुनः ।।

अतएव पूजा कर्म में प्रयुक्त होने वाले कुश का विशेष ध्यान देकर चयन करना चाहिए।

पूजा में प्रयोग करने योग्य कुश:-

जिस कुश का अ अग्र भाग कटा न हो, जला न हो जो मार्ग गन्दी जगह पर न हो और जो गर्भित न हो ऐसा कुरा पूजा में ग्रहण करने योग्य होता है।

पवित्र करने की विधि:-

त्रिकुश अथवा पंचकुश को एक करके मूल भाग की तरफ पलों को पह के अग्र भाग से जल द्वारा निम्न हुआ आचार्य यजमान को पवित्र करे।

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।

यः स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः वा ॥

मन्त्रोपरान्त यजमान तथा पूजन सामग्री को जल से प्रोक्षण करने पर वह स्पर्शया स्पृश्य तथा अन्य दोषों से शुद्ध माना जाता है।

पूजन के पूर्व इस विद्या के माध्यम से पवित्र करके यजमान और सामग्री को पूजन के उपयुक्त बनाया जाता है। बिना पवित्र हुए पूजा अथवा साधना शुभ फल दायी नहीं होती इसलिए पूजन के पूर्व बतायी गयी विधा द्वारा पवित्र करण किया जाए।

यदि पवित्र करने में कुशा न मिले तो कहीं कहीं दूर्वा के माध्यम से भी पवित्रीकरण का विधान है।

बोध प्रश्न

1 पवित्री करण से किस रिषी का तात्पर्य है।

1 गौतम रिषी 2 भरद्वाज रिषी

3 नारायण रिषी 4 वामदेव रिषी

2 पवित्री करण किस द्रव्य से उत्तम माना गया है।

1 दूध 2 दही

3 गोमूत्र 4 जल या गंगा जल

3 पवित्री करण से किस देवता का तात्पर्य है।

1 ब्रह्मजी 2 कृष्ण जी

3 रामचन्द्र जी 4 विष्णु जी

4 पवित्री करण से सम्बंध है।

1 शरीर का 2 मन का

3 वास्तविक वस्तु का 4 हृदय का

5. शुद्धिकरण में महत्प होता है।

1. जल 2. कोप जल

3. गंगा जल 4. अन्य पदार्थ

पवित्रीधारणः-

साधना, पूजा, जप इत्यादि में तथा पितृ कर्म में पवित्रीधारण का विधान है। पवित्री कुश से तैयार की जाती है कहीं कहीं पवित्री के स्थान पर स्वर्ण मुद्रिका को भी पवित्री के स्थान पर मान्यता दी गयी है दो कुशों से बनायी हुयी पवित्री दायें हाथ की अनामिका तथा तीन कुशों से बनी पवित्री बायें हाथ की अनामिका मूल में पहनना चाहिए

यदि बिना पवित्री धारण के पूजा या साधना की जाये वह शास्त्र सम्मत नहीं है ब्रम्हपुराण में बताया गया है कि:-

मन्त्रं विना धृतं यत् तत् पवित्रमफलं भवेत् ।

तस्मात् पवित्रे मन्त्राभ्यां धारयेदभिमन्त्य च ।।

पवित्र ते तु' इत्यादि मन्त्रद्वितयमस्य तु ।

प्रणवस्त्वस्य मन्त्रः स्यात् समस्तव्याहतिस्तु वा ।।

(ब्रद्मपुराण)

समूलाग्रौ विगर्भौ तु कुशौ छौ दक्षिण करे।

सत्ये चैव तथा तीन वै विभृयात् सर्वकर्मसु ।।

(छान्दोग्यपरिशिष्ट)

तस्मिन् क्षीणे क्षिपेत् तोये वौ वा यज्ञसूत्रवत्।

भूमिं खात्वा तथा शुद्धां मृदिस्तारेण पूरयेत् ।

(आश्वलायन)

पूजा के लिए पवित्री अति आवश्यक है में प्रयोग होने वाले कुश पूर्व वर्णित नियमानुस एकत्रित किये जाए उसी से पवित्री का हो तथा पूजनोपरान्त यदि नये कुश की पविती है तो उसे जल में या तो जमीन में खोदकर ॐ कहकर दबा दें अमावस्या द्वारा संग्रहीत श के द्वारा निर्माण की गयी पवित्री वर्ष पर्यन्त तक उपयोग में आती है तथा नये कुशा की पवित्री (पैंटी) कार्य के उपरान्त त्याज्य है।

पवित्रीकरण धारण करने की विधिः-

कुशद्‌वारा निर्मित पवित्री को लेकर बायें हाथ से दाहिने हाथ की अनामिका तथा दायें हाथ से बायें हाथ की अनामिका में निम्न मंत्र पढ़ते हुए धारण करना चाहिएः-

पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव,
उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः ।
तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य
यत्कामः पुने तच्छकेयम् ॥

निम्न मन्त्रों से पवित्री धारण करने के उपरान्त हि व्यक्ति पूजन का अधिकारी होता है पवित्री पहन कर आचमन करने से पवित्री जूठी नहीं होती तथा स्वर्ण मुद्रिका भी पवित्री के स्थान पर धारण की जा सकती है जिसका वर्णन शक्ति कमलाकर में दर्शाया गया हैः-

’यथेष्टेन सुवर्णेन कारयेदङ्गुलीयकम् ।”

(शान्तिकमलाकर)

तथा पवित्रीधारण करके आचमन करने पर भी पवित्री शुद्‌ध रहती है मार्कण्डेय जी ने कहा हैः-

सपवित्रेण हस्तेन कुर्यादाचमनक्रियाम् ।

नोच्छिष्टं तत् पवित्रं तु भुक्तोच्छिष्टं तु वर्जयेत् ॥

एतावता निम्न सिद्‌धान्तानुसार वैदिक कर्म की संम्पूर्णता के लिए शास्त्र सम्मत विद्‌या द्‌वारा कुरा निर्मित पवित्री पूरी श्रद्‌धा के साथ धारण करके पूजन कर्म प्रारम्भ करना चाहिए।

बोध प्रश्न

1 पवित्री धारण किस अँगुली मे करना चाहिए

1 तर्जनी 2 मध्यमा

3 अनामिका 4 कनिष्ठिका

2 पवित्री किस द्रव्य कि उत्तम मानी जाती है।

1 दूब 2 लोहे कि

3 चादी 4 कुश

3 पूजा के समय पवित्री धारण अनामिका मे क्यों करते है। कौन से देवत का वास होता है।

1 इन्द्र 2 नारायण

3 ब्रह्म 4 सूर्य

4 पवित्री कहा तक अँगुली मे होनी चाहिए।

1 ऊपरी हिस्से मे 2 निचले हिस्से मे

3 मध्य मे

यजमान भाल तिलक:-

"प्रयोग पारिजातानुसार पूर्ण कर्म में पूजा प्रारम्भ के पूर्व तिलक, चन्दन या भस्म धारण का विधान बताया गया है:-

ललाटे तिलकं कृत्वा संध्याकर्म समाचरेत् ।

अकृत्वा भालतिलकं तस्य कर्म निरर्थकम् ।।

जब तक ललाट पर तिलक, चन्दन या भस्मन लगी हो उसके द्वारा किया गया पूजा कर्म निरर्थक बतलाया गया है इसलिए पूजा कर्म में तिलक धारण अति आवश्यक है यह तिलक आचार्य साथ नहीं तो व्यक्ति स्वयं तिलक धारण करे। द्वारा मन्त्रों के

तिलक धारण के प्रकार:-

गंगा मृतिका या गोपीचन्दन से ऊर्ध्वपुन्द्र भस्म से त्रिपुंड और श्रीखण्ड चन्दन से दोनों प्रकार का तिलक कर सकते हैं चन्दन के अभाव हरिद्रा (हल्दी) तथा कुमकुम तथा रोली से भी तिलक का विधान शास्त्रों में बतलाया गया है ब्रम्हाण्ड पुराण में बतलाया गया:-

मृत्तिका चन्दनं चैव भस्म तोयं चतुर्थकम् ।

एभिर्द्रव्यैर्यथाकालमूर्वपुण्ड्रं समाचरेत् ।।

(ब्रम्हाण्ड पुराण)

तिलक धारण के बिना पूजा कर्म सिद्ध नहीं माना जाता है।

भस्मादि तिलक विधिः-

तिलक हमेशा बैठकर लगाना चाहिए अपने अपने आचार्यों के अनुसार तिलक लगाना चाहिए चन्दन स्वयं के लिए नहीं घिसना चाहिए भगवान की सेवा से बचे हुए चन्दन का प्रयोग ही स्वयं के लिए करना चाहिए।

अंगूठे से नीचे से ऊपर की ओर ऊर्ध्व पुण्ड्र लगाना चाहिए तथा तीनों अंगुलियों के सहारे त्रिपुण्ड लगाना चाहिए। प्रायः पूजा तथा यज्ञादिक कर्म में भस्म का प्रयोग ज्यादा किया जाता है तो यहां पर भस्म धारण विधि विस्तार से बतायी जा रही हैं

दोपहर से पहले जल मिलाकर, मध्यान में चन्दन मिलाकर भस्म लगाने का विधान है अंगूठे से ऊर्ध्वपुण्ड्र करने के बाद मध्यमा और अनामिका से बायीं ओर से प्रारम्भ कर दाहिने ओर लगायें

यदि चन्दन और भस्म इत्यादि की व्यवस्था न हो तो जल तथा पवित्र तीर्थ मृत्तिका से भी तिलक का विधान है पूजा कर्म की सिद्धि में सहायक होता है आचार्य के मतानुसार या अपने सम्प्रदाय के मतानुसार ही तिलक धारण करें।

तिलक धारण के उपरान्त ही व्यक्ति पूजा कर्म का अधिकारी होता है।

बोध प्रश्न

1 यजमान को तिलक लगने कि दिशा कौन सी है

1 अग्नेय कोण 2 ईशान कोण

3 वायत्य कोण 4 नैऋत्य कोण या पूर्व

2 यजमान को तिलक कितने प्रकार से लगाया जाता है।

1 एक 2 दो

3 तीन 4 या उससे अधिक

3 यजमान को तिलक लगते समय किस देवता का ध्यान करना चाहिए।

1 इन्द्र 2 राम जी

3 कृष्ण 4 ब्रह्म विष्णु महेश

4 पूजा के समय तिलक न लगाने से क्या होता है।

1 पूजा अधूरी रहती है2 पुण्य नही मिलता

3 पाप लगता है। 4 कार्य निरर्थक माना जाता है।

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 पवित्री करण को विधान विस्तार से बतायें।

प्रश्न - 2 पवित्री धारण करते समय किन मंत्रों का प्रयोग किया जाता है।

प्रश्न - 3 पवित्री दोनों हाथ के किन अंगुलियों में धारण की जाती है।

प्रश्न - 4 तिलक कितने प्रकार के होते हैं।

प्रश्न - 5 तिलक धारण करने का मंत्र।

♦♦♦

इकाई- 3 पूजन के पूर्वकर्म- 3
यज्ञोपवीतविधान, यज्ञोपवीतधारण

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में पूजन के पूर्व कर्म में यज्ञोपवीत का महत्व तथा निर्माण की विधि तथा यज्ञोपवीत बदलने की प्रक्रिया और यज्ञोपवीत धारण कैसे किया जाय इस पर प्रकाश डाला गया है। यज्ञोपवीत हमारी सनातन परंपरा का का महत्वपूर्ण अंग है। इस इकाई से निम्न बातों का ज्ञान प्राप्त होगा।

क. यज्ञोपवीत क्या है।

ख. यज्ञोपवीत का निर्माण कैसे होता है।

ग. यज्ञोपवीत धारण कैसे करना चाहिए।

घ. यज्ञोपवीत बदलना कैसे चाहिए।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को बोध होगा।

क. यज्ञोपवीत बनाने के विधि का।

ख. यज्ञोपवीत धारण करने की विधि का।

यज्ञोपवीत का विधान:-

उपनयन के समय तथा वेदाध्ययन 1 से पूर्व आचार्य द्वारा यज्ञोपवीत धारण करवाया जाता है ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तीनों

आश्रमों में अनिवार्यता अखण्ड रूप में धारण करने का आदेश है किन्तु धारण किया हुआ यज्ञोपवीत अवस्था विशेष में बदलकर नवीन यज्ञोपवीत धारण करना पड़ता है

यज्ञोपवीत निर्माणः-

कच्चे सूत से दाहिने हाथ के अंगूठे को छोड़कर चारों अंगुलियों को एक करके 96वे चौवे को गिने बिना तोड़े उस धागे को तीन गुना कर लें जो छोटा बड़ा न रहे एक समान रहे तथा तकली के माध्यम से बर लें बरने के उपरान्त उस धागे को बिना तोड़े तीन सामान भागों में बांट लें तथा तीनों को एक करके पुनः बर लें फिर उतारकर अपने प्रवरानुसार गांठ लगालें तथा ब्रम्ह गांठ लगाकर पहनने योग्य बना लें।

यज्ञोपवीत कब बदलें:-

यदि यज्ञोपवीत कन्धे से सरककर बायें हाथ के नीचे आ जाये, गिर जाए, कोई धागा टूट जाए शौच आदि के समय कानपर डालना भूल जाए और अस्पृश्य से स्पर्श हो जाए तो नया यज्ञोपवीत धारण करना चाहिए। गृहस्थ और वानप्रस्थ आश्रमवाले को दो यज्ञोपवीत पहनना आवश्यक है। ब्रम्हचारी एक जनेऊ पहन सकता है। चादर और गमछे के लिए एक यज्ञोपवीत और धारण करे। चार महीने बीतने पर नया यज्ञोपवीत पहन लें इसी तरह उपाकर्म में, जनना शौच और मरणा शौच में, श्राद्ध में, यज्ञ आदि में चन्द्रग्रहण एवं सूर्यग्रहण के उपरान्त भी नये यज्ञोपवीतों का धारण करना अपेक्षित है और यज्ञोपवीत कमर तक रहे।

वामहस्ते व्यतीते तु तत् त्यक्त्वा धारयेत् नवम्।

पतितं त्रुटितं वापि ब्रम्हासूत्रं यदा भवेत्।

नूतनं धारयेद्विप्रः स्नात्वा संकल्पपूर्वकम् ।।

मलमूत्रे त्यजेद् विप्रो विस्मृत्यैवोपवीतधृक् ।

उपवीतं तदुत्सृज्य दध्यादन्यन्नवं तदा ।।

(आचारेन्द्र)

बोध प्रश्न

1 यज्ञोपवीत मे कितने धागे होते है।

1 एक 2 दो

3 तीन 4 चार

2 यज्ञोपवीत हमे कितने रिण को प्रतिदिन याद दिलाता है

1 एक 2 दो

3 तीन 4 या उससे अधिक

3 यज्ञोपवीत का द्वितीय सूत्र किस रिण से मुक्त होने कि सूचना देता है।

1 देव रिण 2 पितृरिण

3 रिषी रिण 4 आचार्य रिण

4 यज्ञोपवीत का तीसरा सूत्र किस रिण से मुक्त होने कि सूचना देता है।

1 देव रिण 2 पितृरिण

3 रिष्रिण 4 आचार्य रिण

5 यज्ञोपवीत कितने रिषी का आवाहन होता है।

1 एक 2 दो

3 तीन 4 सप्तरिषी

यज्ञोपवीत धारणः-

यज्ञोपवीत पूर्व लिखित विधानुसार द्वारा तैयार होने के बाद यज्ञोपवीत में देवताओं का आवाहन करें।

नोटः-

जैसे पत्थर ही भगवान नहीं होता प्रयुक्त मन्त्रों से भगवान को उसमें प्रतिष्ठित किया जाता है वैसे ही यज्ञोपवीत धागा मात्र नहीं होता प्रयुक्त निर्माण के समय से ही यज्ञोपवीत में संस्कारों का आधान होने लगता है इसकी ग्रन्थियों में और नवतन्तुओं में ओंकार, अग्नि आदि भिन्न भिन्न देवताओं के आवाहनादि कर्म होते हैं सर्वप्रथम यज्ञोपवीत को प्लाश आदि के पत्ते पर रखकर जल से प्रच्छालित करें फिर निम्नलिखित मन्त्रों से चावल अथवा पुष्प के माध्यम से अभिमंत्रित करें।

प्रथमतन्तौ ॐ ओंकारमावाहयामि । द्वितीयतन्तौ ॐ अग्नि-मावाहयामि । तृतीयतन्तौ ॐ सर्पानावाहयामि । चतुर्थतन्तौ ॐ सोममावाहयामि पञ्चमतन्तौ ॐ पितृनावाहयामि । घष्ठतन्तौ ॐ प्रजापतिमावाहयामि । सप्तमतन्तौ ॐ अनिलमावाहयामि । अष्टमतन्तौ ॐ सूर्यमावाहयामि । नवमतन्तौ ॐ विश्वान् देवानावाहयामि । प्रथमग्रन्थौ ॐ ब्रह्मणे नमः, ब्रह्माणमावाह- यामि । द्वितीयग्रन्थौ ॐ विष्णवे नमः, विष्णुमावाहयामि । तृतीयग्रन्थौ ॐ रुद्राय नमः, रुद्रमावाहयामि । इसके बाद 'प्रणवाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः - इस मन्त्र से 'यथास्थानं न्यसामि' कहकर उन-उन तन्तुओंमें न्यास कर चन्द्रन

इसके बाद प्रणवाधावाहित देवताभ्यो नमः इस मन्त्र से यथा

स्थानं न्यसामि कहकर उन उन तन्तुओं में न्यास कर चन्दन आदि से पूजा करें। फिर जनेऊ को दस गायत्री मन्त्र से अभिमन्त्रित करें इसके उपरान्त धारण करने का विनियोग पढ़कर नूतन यज्ञोपवीत को जल गिरायें।

विनियोग - **ॐ यज्ञोपवीतमिति मन्त्रस्य परमेष्ठी ऋषिः- लिङ्गोक्ता देवताः, त्रिष्टुप् छन्दः, यज्ञोपवीत धारणे विनियोगः ।**

विनियोग के उपरान्त मन्त्र बोलते हुए एक एक यज्ञोपवीत धारण करें पहले यज्ञोपवीत धारण । के बाद आचमन करें पुनः दूसरा यज्ञोपवीत धार करें और आचमन कर लें।

यज्ञोपवीत धारण मंत्र:-

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात् आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः । ॐ यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि जीर्ण यज्ञोपवीतका त्याग-

इस प्रकार की विद्या द्वारा यज्ञोपवीत धारण किया जाना चाहिए शास्त्रों में तथा आचार्य कर्म में रत आचार्यगण पूर्व में बतलायी गयी विधा से श्रावणी कर्म के समय यदि जनेऊ (यज्ञोपवीत) का पूजन कर लेते हैं तो वह वर्ष पर्यन्त सिद्ध माना जाता है

सम्भव हो तो श्रावणी उपाकर्म में शामिल होकर यज्ञोपवीत पूजन करें श्रावणी उपाकर्म यजुर्वेदीय ब्राम्हणों के लिए श्रावण मास के पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र में मनाया जाता है। गंगा या नदी या जलाशय के तट पर बैठकर महासंकल्प द्वारा प्रायश्चित के उपरान्त उपाकर्म सम्पन्न होता है कुशल आचार्यों के निर्देशन में यज्ञोपवीत पूजन किया जाता है श्रावणी उपाकर्म के समय पूजित यज्ञोपवीत वर्ष

पर्यन्त सिद्ध माना जाता है।

उसको धारण करने में आवाहन या पूजन की आवश्यकता 'नहीं पड़ती है। एतावता साधक अपनी सुविधानुसार यज्ञोपवीत की व्यवस्था कर पूजन पूर्व यज्ञोपवीत धारण करें।

जीर्ण-यज्ञोपवीत-त्यागः-

यज्ञोपवीत धारण के उपरान्त ही जो पहले से पहना हुआ यज्ञोपवीत है उसको बड़ी साव- धानी और श्रद्धा के साथ उतारकर विसर्जित करना चाहिए। मनु जी महराज कहते हैं, यज्ञोपवीत का त्याग भी शास्त्रोस्त पद्धति से यदि न किया जाए तो उसका भी दोष लगता है:-

मन्त्रेण धारणं कार्यं मन्त्रेण च विसर्जनम् ।

च सदा सद्भिर्नात्र कार्या विचारणा ।।

(मनु)

मन्त्र के द्वारा यज्ञोपवीत धारण तथा मन्त्र के द्वारा ही यज्ञोपवीत का विसर्जन भी करना चाहिए।

यज्ञोपवीत त्यागने की विधा:-

पुराने यज्ञोपवीत को मालाकार बना कर (दाहिना हाथ जनेऊ से बाहर कर लें वह मालाकार बन जाएगा) मालाकार होने के बाद यज्ञोपवीत नीचे से पकड़े बीच में बांया हाथ रखकर उस हाथ के ऊपर से नीचे पकड़े हुए जनेऊ को पुनः माला जैसे पहन ले बाया हाथ निकालने के उपरान्त जनेऊ को दाहिने कन्धे से निकाल दें। और जल

में निम्न मन्त्रों को पढ़ते हुए जल में प्रवाहित कर दें।

एतावद्दिनपर्यन्तं ब्रह्म त्वं धारितं मया।
जीर्णत्वात् त्वत्परित्यागो गच्छ सूत्र यथासुखम् ॥

इसके बाद यथा संख्या गायत्री मन्त्र का जप करें और भगवान को समर्पित कर दें। बतलायी गये विद्या में जनेऊ की गांठ इत्यादि अपने प्रवर के अनुसार लगायें यज्ञोपवीत अपने चौवे (चारो अंगुली से पढवे भाप कर बनाया जाए तभी वह आपके पहनने योग्य बनता है या तो सुविधानुसार बाजार इत्यादि से भी व्यवस्था कर यज्ञोपवीत धारण कर सकते हैं। बिना यज्ञोपवीत धारण के पूजा सफल नहीं मानी जाती इसलिए पूजन के पूर्व यज्ञोपवीत धारण आवश्यक है।

बोध प्रश्न

1 यज्ञोपवीत के सूत्र कि लम्बाई कितनी अंगुल होती है।

1 दस अंगुल 2 बीस अंगुल
3 पचास अंगुल 4 छानवे अंगूल

2 यज्ञोपवीत धारण करते समय बालक के हाथ मे क्या होता है।

1 पात्र 2 खड्ग
3 कुशा 4 देड़

3 यज्ञोपवीत संस्कार किस मंत्र से शुरू होता है।

1 मृत्युंजय 2 नवार्ण
3 द्वादशाक्षर 4 गायत्री

4 यज्ञोपवीत मे कौन से देवता रहते है।

1 इन्द्र 2 हनुमान
3 कृष्ण 4 ब्रह्म विष्णु महेश

5 यज्ञोपवीत से किस रिषी का तात्पर्य है।

1 नारायण रिषी	2 नामदेव रिषी
3 मेरूपृष्ठ रिषी	4 परमेष्ठी रिषी

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 यज्ञोपवीत के विनयोग का मंत्र बतायें।

प्रश्न - 2 यज्ञोपवीत धारण करने की विधा का वर्णन करें।

प्रश्न - 3 यज्ञोपवीत कितने सूत्रों से मिलकर तैयार होते हैं।

प्रश्न - 4 यज्ञोपवीत बनाने की विधा का वर्णन करें।

प्रश्न - 5 यज्ञोपवीत धारण के बाद आचमन कितने बार करना चाहिए।

♦♦♦

इकाई- 4 पूजन के पूर्वकर्म- 4
ग्रन्थिबन्धन, शिखाबन्धन, पंचगव्य प्राशन

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में पूजन के पूर्व कर्म में ग्रन्थिबंध, ग्रन्थिबंध के उपरांत शिखा बन्धन का महत्व और आत्मशुद्धि के लिए पंचगव्य का पान कैसे किया जाय तथा इसका क्या महत्व है इस विषय पर प्रकाश डाला गया है। इस इकाई के अध्ययन से निम्न बातों का ज्ञान प्राप्त होगा।

क. ग्रन्थिबंधन कैसे और कब करना चाहिए।

ख. ग्रन्थिबंधन के समय पति और पत्नी की दिशा क्या रहेगी।

ग. शिखाबंधन पर प्रकाश।

घ. पंचगव्य पान विधि।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को बोध होगा।

क. ग्रंथिबंधन का।

ख. शिखा बंधन का।

ग. पंचगव्य प्राशन का।

ग्रन्थि बन्धनः-

सनातन परम्परा में पत्नी को अर्धांगनी बताया गया है यदि किसी पूजा कर्म में पत्नी को साथ न लें तब भी पूजा सफल नहीं मानी जाती यदि विवाह कर्म हो गया है तो पूजा के समय पत्नी का साथ रहना अति आवश्यक है विवाह के समय अग्नि को साक्षी मानकर यह वचन कन्या अपने पति से मांगती है पूजा, व्रतोद्यापन तथा समस्त शुभ कर्म में यदि आप मुझे साथ रखोगे तभी मैं आपकी वामांगी बनूंगी तब वर अग्नि को साक्षी मानकर इस वचन को स्वीकार करता है विवाह की विधा में ही चौथी परिक्रमा में ही आचार्य के निर्देशन में ग्रन्थि बन्धन होता है जिसको किसी भी शुभ कार्य विशेष में किया जाता है।

पूजा के समय यजमान पत्नी के साथ आसन पर बैठ जाये तथा यजमान पत्नी को अपने दाहिने बैठाये पूजा कार्य में दाहिने बैठने का विधान है और आशीर्वाद के समय बायें बैठाये।

पूर्व कथानुसार यजमान को बैठा कर उनकी पत्नी को दाहिने हाथ की तरफ बैठा दे फिर किसी कन्या द्वारा य खुद के आचार्य द्वारा फूल, चावल, सुपारी, पैसा आदि लेकर यजमान के परके (गमछा) और पत्नी के चुनर में बाँध देना चाहिए।

बोध प्रश्न

1 ग्रन्थिबंधन क्यों होता है क्या है

1 लोकरीत 2 वेदरीत

3 पारम्परिक 4 या इनमे से कोई नही

2. ग्रन्थिबंधन में पत्नी पति के किस भाग में होती है।

1. सामने 2. पीछे

3. दाहिने 4. बाएँ

3. ग्रन्थिबंधन में वस्त्र होने चाहिए।

1. एक 2. दो

3. बहुत सारे 4. एक भी नहीं

4 . शिखाबंधन करना चाहिए

1. पूजा समय 2. स्ना न समय

3. सयन समय 4. अन्य कार्य

5. पंचगव्यय निर्माण होता है

1. पूजा समय 2. सशन समय

3. भोजन समय 4. सांध्योहपासन

पंचगव्यः-

सनातन धर्मानुसार किसी पूजा में बैठने पर पूजन से पूर्व पंचगव्य पान को विधान है। आचार्य के मतानुसार पंचगव्य पान मात्र से शरीर तथा अस्थि में स्थित सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

देशी गाय के मूत, गोबर, दही, दूध, घी से इसका निर्माण होता है।

सबसे पहले गोबर लें एक विशेष निर्देश सारे पदार्थ देशी गाय के होने चाहिए पंचगव्य उन्हीं से बनता है। सबसे पहले गोबर लेकर उसको साथ कपड़े पर रखें, कपड़ा सात परत का होना चाहिए गोबर के ऊपर गोमूत्र डालें अब गोबर और गोमूत्र मिलाने के बाद उसमें दही डालें फिर दूध और फिर घी।

गोबर का दो गुना मूत्र, मूत्र को दो गुना दही, दही को दो गुना दूध, दूध का दो गुना घी डाल कर पंचगव्य तैयार किया जाता है।

तैयार पंचगव्य को पात्र में रख लें फिर निम्न मंत्रों द्वारा पान करना चाहिए और समस्त पूजन सामग्री पर भी छिड़काव करना चाहिए पंचगव्य पूजा के पहले का ही विधान है।

और पूजा कई दिनों की हो तो पहले दिन ही पंचगव्य लिया जाता है।

देहि अस्थि गतं पापम्, देहे तिष्ठिति मामकीम्।

प्राश्यनात् पंचगव्यस्थ, दहति अग्निर्वेन्धनम्।।

पंचगव्य पान से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। इसके छिड़काव से घर में शन्ति आती है।

पूजन के पहले पंचगव्य पीने से सिद्धी की प्रप्ति होती है।

बोध प्रश्न

1 पंचगव्य का निर्माण किस धातु के पात्र मे नही करना चाहिए।

1 लोहे 2 पीतल

3 ताम्र 4 चादी

2 पंचगव्य का यज्ञादि कार्यो मे महत्व है।

1 देह शुद्धि 2 मन शुद्धि

3 आत्म शुद्धि 4 इनमे से कोई नही

3 पंचगव्य किस द्रव्य से बनता है।

1 गंगाजल 2 जल

3 मधु शर्करा 4 या दूध दही घी गोमूत्र गोबर से

4 पंचगव्य पूजा कर्म मे कब करना चाहिए

1 पविचत्रीकरण के पश्चात 2 आचमन के पश्चात

3 पवित्री धारण के पश्चात 4 या अन्य

5. पंयगव्यं का निर्माण किससे करें

1. गाय के प्राप्त द्रव्यों से 2. भैस के प्राप्त द्रव्यों से
3. अन्य किसी द्रव्य से 4. गंगा जल से

शिखा बन्धनः-

सनातन धर्म में पूजा से पहले शिखा बन्धन का विधान बताया गया है।

स्नाने दाने जपे होमे संध्यायां देवतार्चने।

शिखाग्रन्थि बिना कर्म न कुर्याद् वै कदाचन।।

स्नान, दान, जप, होम, संध्या, और देवार्चन में य पूजा के किसी काम में शिखा का बड़ा महत्व है। बिना शिखा बंधन के पूजा सफल नहीं मानी जाती शिखा सनातन धर्म में सर के ऊपर समस्त केशों को हटवाने के बाद सर के मध्य में गाय के खुर के बराबर केश छोड़ दिये जाते हैं, जिन्हें शिखा की संज्ञा दी जाती है। बाल बार-बार बढ़ने पर कटवाए जाते हैं मगर शिखा नहीं काटी जाती जिसके कारण शिखा के केश बड़े हो जाते हैं पूजन के समय इन केशों को इकट्ठा करके निम्न मन्त्रों से शिखा बांधने का मंत्र यह है-

चिद्रपिणी महामाये! दिव्यतेजःसमन्विते!

तिष्ठ देवि! शिखामध्ये तेजोवृद्धिं कुरुष्व में।।

बाँध लेना चाहिए तत पश्चात पूजा कर्म में लगना चाहिए यदि किसी कारण वश शिखा न हो तो कहीं-कहीं उसके स्थान पर कुशा रखने को विधान है, यदि मंत्र न आते हों तो गायत्री मन्त्र से भी शिखा बाँधने का विधान है। सनातन धर्मावम्बियों को शिखा रखना अत्यन्त आवश्यक है। शिखा शाखा और सूत्र यह तीन सनातन धर्म सोपान हैं। इनके बिना पूजा सिद्ध नहीं मानी जाती अतएव पूजन के पहले यज्ञोपवीत धारण और शिखा बन्धन अत्यन्त आवश्यक होता है,

समस्त आचार्यों को पूजने के पूर्व कर्म में शिखा बंधन करवाना आवश्यक है। समस्त आचार्यों को इसका विशेष ध्यान देना चाहिए तथा शिखा रखने के लिए समाज को प्रेरित करना चाहिए पूजा पूर्व कर्म से शिखा बन्धन अत्यन्त आवश्यक है।

बोध प्रश्न

१. शिखा कहते है

1. सम्पूर्ण केश को   2. बगल के केश को

3. पीछे के केश को   4. सिर के मध्य के केश को

2 यज्ञादि कार्य मे शिखा बाधने का नियम क्या है।

1 खडे होकर   2 बैठकर

3 झुक कर   4 इनमे से कोई नही

3 यज्ञादि कर्म मे शिखा से शिखा कब बाधनी चाहिए

1 पवित्र के बाद   2 आचमने बाद

3 पवित्री धारण के बाद   4 आचमन के पहले

4 शिखा कब खुली होनी चाहिए।

1 जप करते समय   2 पूजा करते समय

3 भोजन करते हुए   4 सोते हुए

5. शिखा होनी चाहिए

1. गोखुर के सामान   2. आंवले के सामान

3. सम्पूर्ण् सिर में   4. अत्यंत पतली

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 ग्रन्थि बंधन के समय पत्तनी यजमान के किस भाग में बैठती है।

प्रश्न - 2 ग्रन्थि बान्धते समय किस मंत्र का उपचारण करना चाहिए।

प्रश्न - 3 ग्रन्थि का महत्तव विस्तार को बताइए।

प्रश्न - 4 शिखा बन्धन करते समय किस मंत्र का उपचारण करना चाहिए।

प्रश्न - 5 पन्चगद्य बनाने की विधा स्यिस्ट बताइए।

♦♦♦

इकाई- 5 पूजन के पूर्वकर्म- 5
गुरुध्यान, सूर्यध्यान, गड्गाध्यान, पितृ-देवता

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में पूजन के पूर्व कर्म में गुरूध्यान तथा सूर्यध्यान, गंगाध्यान तथा पित्र देवता ध्यान पर प्रकाश डाला गया है। यह भी हमारी सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। इस इकाई के अध्ययन से ध्यान परंपरा की विधि का ज्ञान प्राप्त होगा।

क. गुरू का ध्यान कब करना चाहिए।

ख. सूर्य के ध्यान की विधि।

ग. गंगा के ध्यान की विधि।

घ. पित्र के ध्यान की विधि।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को ज्ञान होगा।

क. गुरू के ध्यान का।

ख. सूर्य के ध्यान का।

ग. गंगा के ध्यान का।

घ. पित्र देवताओं के ध्यान का।

गुरदरब्रह्म, गुरुरविष्णु, गुरुर्देवो महेश्वरः।

गुरु साक्षात्ण्म् ब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

समस्त तैयारियों के उपरान्त पूजा कर्म से प्रयुक्त होने से पूर्व गुरु ध्यान का विधान है, गुरु वह तत्व होता है। जो हमको सनमार्ग सही रास्ता तथा परमात्मा की प्राप्ति में सहायक होता है। जिसके बताए गए रास्ते पर चल कर हम शक्ति एवं आनन्द की प्राप्ति करते हैं, हमारे प्रत्येक कर्म गुरु को समर्पित होते हैं, वैसे तो गुरु शब्द का अर्थ जो अज्ञान रूपी अन्धकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाए उसे गुरु की संज्ञा दी जाती है। हमारी सनातन परम्परा में कुल गुरु का विधान है। जिससे हमारे परिवार के लोगों ने दीक्षा ग्रहण की हो तथा जो हमारे परिवार द्वारा या स्वयं विवेक से चयनित सन्त महात्मा या आचार्य जो दीक्षित करे उसे गुरु कहते हैं, गुरु हमेशा तपस्वी बनाना चाहिए तथा यदि परिवार में किसी सन्त मठ से गुरु परम्परा चल रही हो तो उन्हीं से गुरु मन्त्र लेना चाहिए यदि गुरु परम्परा में कोई न रह गया हो खुद ही दूसरे गुरु का चयन करना चाहिए पूजा के पूर्व कर्म में पूर्व लिखित मन्त्र द्वारा गुरु का ध्यान करना चाहिए। गुरु शब्द की व्याख्या कतिपय शब्दों से नहीं की जा सकती इसलिए सांकेतिक भाषा में वस गुरु के ध्यान के उपरान्त ही पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए, मानव मात्र ही नहीं अपितु ब्रह्मा, विष्णु,

महेश भी किसी न किसी को अपना पाथेय और आधार मानते हैं। ऋषियों की परम्परानुसार गुरुपूजन, गुरुध्यान किसी भी पूजा का मूल होता है, इस लिए पूजन के पूर्व आचार्य के निर्देशन में गुरु का ध्यान करना चाहिए।

बोध प्रश्न

1 गुरू शब्द का अर्थ क्या है।

1 शिक्षक 2 निर्देशक

3 अंधकार से प्रकाश 4 इनमें से कोई नही

2 गुरू का महत्व क्या है हमारे जीवन मे

1 पढ़ने के लिए 2 आत्मबल

3 मार्गदर्शक के रूप मे 4 इनमे से कोई नही

3 गुरू कितने प्रकार के होते है।

1 एक 2 दो

3 तीन 4 या इससे अधिक

4 गुरू को किसक रूप दिया गया है।

1 रिषी 2 संत

3 भगवान 4 इनमे से कोई नही

5 गुरू में देखना चाहिए

1 ज्ञान 2 आयु

3 रंग 4 वैभव

सूर्य ध्यान

गुरु के ध्यानोपरान्त इस संसार को प्रकाशित एवं प्रकाशवान करने वाले भगवान सूर्य का ध्यान भी पूजन के पहले बताया गया है। यद्यपि जो सध्या करते हैं, वह सूर्य उपासना करते ही हैं और समस्त सनातन धर्मविलम्बियों को सूर्य की उपासना करनी चाहिए सूर्यार्ध देना चाहिए अगर प्रतिदिन यह कर्म नहीं कर पा रहे तो पूजा के दिन सूर्य का ध्यान निम्न मन्त्रों द्वारा करना चाहिए-

प्रातः स्मरामि खलु तत्सवितुर्वरेण्यं

रूपं हि मण्डलमृचाऽथ तनुर्यजूंषि

सामानि यस्य किरणाः प्रभवादिहेतुं

ब्रह्माहरात्मकमलक्ष्यमचिन्त्यरूपम्

सूर्य का ध्यान पूरी श्रद्धा के साथ करते हुए प्रार्थना करनी चाहिए हे प्रभु भाष्कर आप पूरे जगत को प्रकाशित करते हैं, मेरे अन्तर मन में भी जो नाना प्रकार के अन्धकार हैं उनको हटाकर के ज्ञान का प्रकाश श्रजित करें आप समस्त कर्मों के साक्षी हैं हमारा मन सदैव आपके चरणों में लगा रहे इसे भावान के साथ सूर्य का ध्यान करना चाहिए। कर्म में उनका ध्यान करके उनको प्रणाम निम्न मन्त्रों द्वारा करना चाहिए-

पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः।

पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः।

प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः।

अक्षन्पितरोऽमीमदन्त पितरऽतीतृपन्त पितरः पितरः शुन्धध्वम्।

पूजन पूर्व कर्म में पितृ ध्यान अत्यन्त आवश्यक है।

बोध प्रश्न

1 सूर्य का ध्यान करने से हमे क्या प्राप्त होता है।

1 धन 2 पुत्र

3 कीर्ति 4 सिद्धि

2 सूर्य किस रंग के आसन पे आसीन है।

1 हरा 2 पीला

3 श्वेत 4 लाल

3 सूर्य को किस प्रकार अर्घ्य देना चाहिए

1 बैठकर 2 झुककर

3 खडे होकर 4 इनमे से कोई नही

4 प्रातः काल और सायंकाल सूर्य को कितने अंजलि जल देना चाहिए

1 एक 2 दो

3 तीन 4 या इससे अधिक

5 सूर्य की साधना उत्तम मानी जाती है

1 प्रात:काल 2 मध्य काल

3 सायंकाल 4 किसी भी समय

हाथों में तीर्थ

शास्त्रों में दोनों हाथों में भी कुछ देवादितीर्थोंं के स्थान बताये गये हैं। चारों अँगुलियों के अग्रभाग मंे देवतीर्थ, तर्जनी अँगुली के मूलभाग में 'पितृतीर्थ', कनिष्ठिकाके मूलभाग में 'प्रजापतितीर्थ' और अँगूठे के मूलभाग में 'ब्रह्मतीर्थ' माना जाता है। इसी तरह दाहिने हाथ के बीच में 'अग्नितीर्थ' और बायें हाथ के बीच में 'सोमतीर्थ' एवं अँगुलियों के सभी पोरों और संधियों में 'ऋषितीर्थ' है। देवताओं को तर्पण में जलांजलि 'देवतीर्थ' से, ऋषियों को प्रजापति तीर्थ से (काय) और पितरों को'पितृतीर्थ' से देने का विधान है।1



जप विध -

जप तीन प्रकार का होता है- वाचिक उपांशु और मानसिक। वाचिक जप धीरे-धीरे बोलकर होता है। उपांशु-जप इस प्रकार किया जाता है, जिससे दूसरा न सुन सके। मानसिक जप में जीभ और ओष्ठ नहीं हिलाते। जपों में पहले की अपेक्षा दूसरा और दूसरे की अपेक्षा तीसरा प्रकार श्रेष्ठ है।

प्रातः काल दोनों हाथों को उत्तान कर, सायंकाल नीचे की ओर करके और मध्याह्न में सीधा करके जप करना चाहिये। प्रातः काल हाथ को नाभि के पास, मध्याह्न में हृदय के समीप और सायंकाल मुँह के समानान्तर में रखें। जप की गणना के चन्दन, अक्षत्, पुष्प, धान्य, हाथ के पोर ओर मिट्टी से न करें। जप की गणना के लिये लाख, कुश, सिन्दूर और सूखे गोबर को मिलाकर गोलियाँ बना लें। जप करते समय दाहिने हाथ को जप माली में डाल लें अथवा कपड़े से ढक लेना आवश्यक होता है, किंतु कपड़ा गीला न हो। यदि सूखा वस्त्र न मिल सके तो सात बार उसे हवा में फटकार लें तो वह सूखा-जैसा मान लिया जाता है। जप के लिए माला को अनामिका अँगुली पर रखकर अँगूठे से स्पर्श करते हुए मध्यमा अँगूली से फेरना चाहिये। सुमेरु का उल्लंघन न करे। तर्जनी न लगावे। सुमेरु के पास से माला को घुमाकर दूसरी बार जपें। जप करते समय हिलना, डोलना, बोलना निषिद्ध है। यदि जप करते समय बोल दिया जाय तो भगवान् स्मरण कर फिर से जप करना चाहिये।

यदि माला गिर जाय तो एक सौ आठ बार जप करें। यदि माला पैर पर गिर जाय तो इसे धोकर दुगुना जप करें1।

स्नान-भेद से जप की श्रेष्ठता का तारतम्य - घर में जप करने

से एक गुना, गोशाला में सौ गुना, पुण्यमय वन या वाटिका तथा तीर्थ में हजार गुना, पर्वत पर दस हजार गुना, नदी-तट पर लाख गुना, देवालय में करोड़ गुना तथा शिवलिंग के निकट अनन्त गुना पुण्य प्राप्त होता है-

गृहे चैकगुणः तथा गोष्ठे शतगुणः स्मृतः।

पुण्यारण्ये तथा तीर्थे सहस्त्रगुणमुच्यते।।

अयुतः पर्वते पुण्यं नद्यां लक्षगुणो जपः।

कोटिर्देवालये प्राप्ते अनन्तं शिवसंनिधौ।।

माला वादन -निम्नलिखित मन्त्र से माला की बन्दना करें -

ॐ मां माले महामाये सर्वशक्तिस्वरूपिणी।

चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।।

ॐ अविघ्नं कुरू माले त्वं गृहांमि दक्षिणे करे।

जप काले च सिद्धयर्थं प्रसीद मम सिद्धये।।

शक्तिमन्त्र की करमाला

अङ्गुलयगे्र च यज्जपतं यज्जप्तं मेरुलंषनात्।.

पर्वसन्धिषु यज्जप्तं तत्सर्वं निष्फलं भवेत्।।

अँगुलियों के अग्रभाग तथा पर्व की रेखाओं पर और सुमेरुका उल्लंघन कर किया हुआ जप निष्फल होता है।

यस्मिन् स्थाने जपं कृर्याद्धरेच्छक्रो न तत्फलम्।

तन्मुदा लक्ष्म कुर्वीत ललाटे तिलकाकृतिम्।।

जिस अस्थान पर जप किया जाता है, उस स्थान की मृत्तिका जप के अनन्तर मस्तक पर लगाये अन्यथा उस जप का फल इन्द्र ले लेते है।



चित्र-संख्या १ चित्र-संख्या २

ऊपर के चित्र सं. 1 के अनुसार अंक 1 से आरम्भ कर 10 अंक तक अँगूठे से जप करने से एक करमाला होती है। इसी प्रकार दस करमाल जप करके चित्र संख्या 2 के अनुसार 1 अंक से आरम्भ करके 7 अंक तक जप करने से 108 संख्या की माला होती है।

अनामिका के मध्यवाले पर्व से आरम्भ कर क्रमशः चारों अँगुलियों के दसों पर्वपर (अँगूठे को घुमावे) और तर्जनी अंगुलिके मध्य तथा अग्रके जो दो हैं, उन्हें मेरु मानकर उसका उल्लंघन न करें। यह यामलतन्त्र के अनुसार करमाला है, जिसका वर्णन ऊपर के चित्र में

दिखाया गया है। मूल वचन इस प्रकार हैं-

अनामायास्त्रयं पर्व कनिष्ठायास्त्रिपर्विका।।

मध्यमायास्त्रयं पर्व तर्जनीमूलपर्वणि।

प्रादक्षिण्यक्रमेणैव जपेद् दशसु पर्वसु।।

शक्तिमाला समाख्याता सर्वमन्त्रप्रदीपिका।

पर्वद्वयं तु तर्जन्या मेरुं तद्धिद्धि पार्वति।।

(याममतन्त्र)

अनामामूलमारभ्य प्रादक्षिण्क्रमेण तु।

मध्यमामूलपर्यन्तं जपेदष्टसु पर्वसु।।

(श्यामारहस्य)

स्नानांगतर्पण-

गंगादि तीर्थों में स्नान के पश्चात् स्नानांग-तर्पण करें। संध्या के पहले इसका करना आवश्यक माना गया है। यही कारण है कि अशौच में भी इसका निषेध नहीं होता तथा जीवित-पितृकों के लिए भी यह विहित है।

जीवितमृतकों के लिये केवल इसका अन्तिम अंश त्याज्य होता - है, जिसका आगे कोष्ठक में निर्देश कर दिया गया है। इसमें तिलक जल से ही किया जाता है। बायें हाथ में जल लेकर दाहिने अँगूठे से ऊध्वपुण्ड्र कर लें। तदनन्तर तीन अंगुलियों से त्रिपुण्ड्र करें।

गंगादि तीर्थों में स्नान के पश्चात् स्नानांग-तर्पण करें। संध्या के पहले इसका करना आवश्यक माना गया है। यही कारण है कि अशौच में भी इसका निषेध नहीं होता तथा जीवित-पितृकों के लिए भी यह विहित है।

देव-तर्पण- (इसे सपितृक भी करें) सव्य होकर, पूरब की ओर मुँह कर अंगोछे को बायें कंधेपर रखकर देवतीर्थ से मन्त्र पढ़-पढ़कर एक-एक जलांजलि दें-

ॐ ब्रह्मदयो देवास्तृप्यन्ताम् (1) ॐ भूर्देवास्तृप्यन्ताम् (1)। ॐ भुवर्देवास्तृप्यन्ताम् (1)। ॐ स्वर्देवास्तृप्यन्ताम् (1)। ॐ भूर्भुवः स्वर्देवास्तृप्यन्ताम् (1)।

ऋषि-तर्पण- (इसे सपितृक भी करें)- उत्तर की ओर मुँह कर निवीती होकर (जनेऊ को माला की तरह गल में पहलकर) और गमछे को भी माला की तरह लटकाकर प्रजापतितीर्थ से दो-दो जलांजलि जल में छोड़े।

ॐ सनकादयो मनुष्यास्तृप्यन्ताम् (2)। ॐ भूर्ऋषयस्तृप्यन्ताम् (2)।

ॐ भुवर्ऋषयस्तृप्यन्ताम् (2) । ॐ स्वर्ऋषयस्तृप्यन्ताम् (2)।

ॐ भूर्भुवः स्वर्ऋषययस्तृप्यन्ताम् (2)।

पितृ-तर्पण- (सपितृक इसका कुछ अंश करे) - दक्षिण की ओर मुँह कर अपसव्य होकर (जनेऊ को दाहिने कंधे और बायें हाथ के नीचे करके) गमछे को भी दाहिने कंधे पर रखकर पितृतीर्थ से तीन-तीन जलांजलि दें। (सपितृक जनेऊ को केवल पहुंच तक ही रखें, बायें हाथ के नीचे न

करें) - 'प्राचीनावीती त्वाप्रकोष्ठात्' (आचाररत्न)।

बोध प्रश्न

1 पितरो को देवत कब माना जाता है।

1 मरण के पश्चात 2 अन्त्येष्ठि के बाद

3 सपिण्डन के बाद 4 इनमे से कोई नही

2 पितृ तर्पण किस ओर मुख करके किया जाता है।

1 पूर्व 2 पश्चिम

3 उत्तर 4 दक्षिण

3 पितृतर्पण के समय हमारा जनेऊ किस अवस्था मे रहेगा

1 बाऐ कंधे पर 2 दाहिने कंधे पर

3 मालाकार 4 कोई नही

4 पितृ तर्पण हाथ के किस जगह से किया जाता है

1 ब्रह्मतीर्थ 2 पितृतीर्थ

3 रिषी तीर्थ 4 कोई नही

5 पितृ के लिए किया जाता है

1 हवन 2 पूजन

3 पिण्डदान 4 आरती

ॐ कव्यवाडनलादयः पितरस्तृप्यन्ताम् (3)। ॐ चतुर्दशयमास्तृप्यन्ताम् (3)। ॐ भूः पितरस्तृप्यन्ताम् (3)। ॐ भुवः पितरस्तृप्यन्ताम् (3)। ॐ स्वः पितरस्तृप्यन्ताम् (3)। ॐ भूर्भुवः स्वः पितरस्तृप्यन्ताम् (3)।

(इसके आगे का कृत्य जीवित-पितृक न करे)

ॐ अमुक गोत्रा अस्मत्पितृपितामहमस्तृप्यन्ताम् (3)।

ॐ अमुक गोत्रा अस्मन्मातृपितामहीप्रपितामह्यस्तृप्यन्ताम् (3)।

ॐ अमुक गोत्रा अस्मन्मातामहप्रमातातमहवृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकास्तृप्यन्ताम् (3)।

ॐ ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यताम् (3)1।

इसके बाद तट के पास आकर जल में स्थित होकर भूमि पर एक जलांजलि दें, जिसका मन्त्र यह है-

अग्निदग्धाश्च ये जीवा येप्यदग्धाः कुले मम।

भूमौ दत्तेन तोयेन तृप्ता यान्तु परां गतिम्।।

जल से बाहर आकर निम्नलिखित मन्त्र से दाहिनी ओर शिखा को पितृतीर्थ (अँगूठे और तर्जनी के माध्य भाग) - से निचोड़ें-

लतागुल्मेषु वृक्षेषु पितरो ये व्यवस्थिताः।

ते सर्वे तृप्तिमायान्तु मयोत्सृष्टैः शिखोदकैः।।

तीर्थ के बादका कृत्य - अब उपवीती होकर (जनेऊ को बायें कंधे पर और दाहिने हाथ के नीचे कर) आचमन करें और बाहर एक अंजलि यक्ष्माको दें1।

यन्मया दूषितं तोयं शारीरं मलसम्भवम्।
तस्य पापस्य शुद्धयर्थ यक्ष्माणं तर्पयाम्यहम्।।
(विश्वामित्रस्मृ० 1 । 84)

जीवितपितृक वस्त्र निचोड़कर संध्या करने बैठे- 2, किन्तु जिन्हें तर्पण करना है, वे अभी वस्त्र को न निचोड़ें, तर्पण के बाद निचोड़ें।

स्नान के बाद यदि देह न पोंछी जाय, जल को यों ही सूखने दिया जाय तो अधिक अच्छा है, क्योंकि सिर से टपकने वाले जल को देवता, मुखभाग से टपकने वाले जल को पितर, बीच वाले भाग से टपकने वाले जल को गन्धर्व और, नीचे निरने वाले जल को सभी जन्तु पीते हैं। यदि शक्ति न हो तो गीले अथवा धोये गमछे से पोछकर सूखा वस्त्र पहनें1। गंगादि तीर्थों में स्नान करने पर शरीर न पोंछने का विषेश ध्यान रखना चाहिये। अन्य स्थलों पर कुछ क्षण रुककर गमछे से शरीर पोंछ सकते हैं। स्नान के बाद गीले वस्त्र से मल-मूत्र न करें।

शक्ति के लिये स्नान- यदि कोई उदार व्यक्ति माता, पिता, गुरु, भाई, मित्र आदि के लिये स्नान करना चाहें तो शास्त्रों में इसकी भी व्यवस्था बतलायी गयी है। जिनके लिये स्नान किया जाता है, स्नान का आठवाँ भाग उसे मिलता है। जीवित व्यक्तियों के लिये स्नान की विधि भिन्न है और मृत व्यक्तियों के लिये। यहाँ दोनों विधियाँ लिखी जाती हैं।

जीवित व्यक्ति के लिये - जीवित व्यक्ति के नाम का इस प्रकार (अद्य.....अमुक शर्मणः, (वर्मणः, गुप्तस्य, दासस्य) कृते......स्नानं करिष्यामि) संकल्प कर स्नान करें)

मृत व्यक्ति के लिये - मृत व्यक्ति के लिये कुश में गाँठ देकर, उस कुश में उसका ध्यान कर नीचे लिखे मन्त्र को पढ़कर कुश को नहला दें-

कुशोसि कुशपुत्रोसि ब्रह्मणा निर्मितः स्वयम्।
त्वयि स्नाते स च स्नातो यस्येदं ग्रन्थिबन्धनम्।।

इसके बाद ग्रन्थि का विसर्जन कर दें।

बोध प्रश्न

1 गंगा ध्यान का नियम क्या है।

1 पवित्रीकरण के बाद 2 आचमन क्रिया के बाद

3 आशन शुद्धि के बाद 4 या सर्वप्रथम

2 गंगा के दर्शन मात्र से ही क्या प्रप्त होता है।

1 धन 2 वैभव

3 दुख 4 मुक्ति

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 सूर्य का ध्यान किन मंत्रों से किया जाता है।

प्रश्न - 2 गुरु का ध्यान करने की विधा बताओ।

प्रश्न - 3 पितृ तीर्थ किसे कहते हैं।

प्रश्न - 4 गंगा का जल किन-किन प्रयोगों में आता है।

प्रश्न - 5 पंचगद्य का पाठ करने का मंत्र बताओ।

♦ ♦ ♦

खण्ड- 2

इकाई- 6 देवपूजन- 1

भद्रसूक्तवाचन, श्रीगणेश-कुलादि देवता-स्मरण

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में देव पूजन के के समय भद्रसूक्त, गणेश तथा कुल देवता के स्मरण पर प्रकाश डाला गया है। यह भी हमारी सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। किसी भी पूजा में इनका क्रम क्या रहता है इसका ज्ञान प्राप्त होगा।

क. भद्रसूक्तवाचन।

ख. श्री गणेश का स्मरण।

ग. कुल देवता का स्मरण।

घ. इनके स्मरण का क्रम।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को बोध होगा।

क. भद्रसूक्त वाचन का।

ख. गणेश कुल आदि देवताओं के स्मरण का।

भद्र सुक्त वाचनः-

पूजन प्रारम्भ में सबसे पहले भद्रसूक्त वाचन या स्वस्ति वाचन

करना चाहिए, यजमान के हाथ मे पुष्प, चावल, रोली इत्यादि देकर सूक्त का पाठ करना चाहिए-

ॐ आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उदः। देवा नो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे।। देवाना भद्रा सुमतिऋजूयतां देवाना रातिरभि नो निवर्तताम्। देवाना सख्यमुपसेदिमा वयं देवा न आयुः प्रतिरन्तु जीवसे।। तन्पूर्वया निविदा हूमहे वयं भगं मित्रमदितिं दक्षमस्त्रिधम्। अर्यमणं वरुण सोममश्विना सरस्वती नः सुभगा मयस्करत्।। तन्नो वातो मयोभुवातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः। तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना श्रृणुतं धिष्ण्या युवम्।। तमीशानं जगतस्तस्थुषस्पतिं धियन्जिन्ववसे हूमहे वयम्। पूषा नो यथा वेदसामसद् वृधे रक्षिता पायुरदब्धः स्वस्तये।। स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।। पृषदश्वा मरुतः पृश्निमातरः शुभं यावानो विदथेषु जग्मयः। अग्निजिह्वा मनवः सूरचक्षसो विश्वे नो देवा अवसागमन्निह।। भद्रं कर्णेभिः श्रृणुद्याम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरगड.स्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः।। शतमिन्नु शरदो अन्ति देवा यत्रा नश्चक्रा जरसं तनूनाम्।

पुत्रासो यत्र पितरो भवन्ति मा नो मध्या रीरिषतायुर्गन्तोः।। अदितिर्द्यौ- रदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः। विश्वे देवा अदितिः पंच जना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्।। (शु० य० 25। 14-23) द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।। (शु० य० 26। 17) यतो यतः समीहसे ततो नो अभयं कुरु। शं नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः।।

सुशान्तिर्भवतु।। (शु० य० 36। 22)

सूक्त के पाठ के उपरान्त हाथ में लिए हुए पुष्प इत्यादि को पूरी श्रद्धा के साथ जमीन पर छोड़ते हुए प्रणाम करना चाहिए और फिर पुनः बायें हाथ में चावल लेकर दो-दो दाना जमीन पर डालते हुए गणेश ग्राम प्रथा कुल देवता को प्रणाम करना चाहिए।

बोध प्रश्न

1 भद्र का अर्थ क्या होता है।

1 भेद　　2 मोक्ष

3 कल्याण　　4 इनमे से कोई नही।

2 भद्र सूक्त किस जगह से लिया गया है ।

1 मनुस्मृति　　2 पराशर

3 पाराशर संहिता　　4 वेद से

3 भद्र सूक्त का पाठ पूजा के प्रथम क्रम मे क्यों

1 मंगल हेतु　　2 कार्य सिद्धि

3 देव पितृ दोनो के ध्यान हेतु

4 इनमे से कपई नही

4 भद्र पश्ये क्या होगा

1 श्रणुयाम देवा　　2 माक्ष भिजत्राः

3 कर्णेभिः　　4 इनमे से कोई नही

5. भद्र सूक्त का प्रयोग होता है

1. पूजन में　　2. भोजन में

3. शयन में　　4. स्नान में

श्री गणेश आदि कुल-देवता-स्मरण

श्रीमन्महागणाधिपतये नमः। लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः। उमामहेश्वराभ्यां नमः। वाणीहिरण्यगर्भाभ्यां नमः। शचीपुरन्दराभ्यां नमः। मातृपितृचरणकमलेभ्यो नमः। इष्टदेवताभ्यो नमः। कुलदेवताभ्यो नमः। ग्रामदेवताभ्यो नमः। वास्तुदेवताभ्यो नमः। स्थानदेवताभ्यो नमः। सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः। सर्वेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो नमः। ॐ सिद्धि बुद्धिसहिताय श्रीमन्महागणांधिपतये नमः।

तत् पश्चात पुनः पूरी श्रद्धाभाव से गणेश कुलाधि देवताओं का स्मरण करना चाहिए।

बोध प्रश्न

1 पूजा मे सर्व प्रथम गणेश ध्यान हि क्यो।

1 रोग नाश हेतु 2 कार्य प्रारम्भ हेतु

3 निर्विध्न 4 इनमे से कोई नही

2 गणेश कितने होते है।

1 एक 2 पाच

3 सात 4 आठ

3 कुल देवता का ध्यान का क्रम क्या है।

1 गंगा ध्यान से पहले 2 सूर्य ध्यान के बाद

3 गणेश ध्यान के बाद 4 मंगल पाठ के बाद

4 कुल देवता का ध्यान पूजा मे क्यो कराया जाता है।

1 सिद्धि हेतु 2 नियमानुसार

3 संरक्षक के रूप मे 4 इनमे से कोई नही

5. गणेश पूजा में विहित है।

1. पुष्प 2 दुर्बा

3. बेलपत्र	4. तुलसीदल

पंचमहायज्ञ

गृहस्थ घर में पाँच स्थल ऐसे हैं, जहाँ प्रतिदिन न चाहने पर भी जीव-हिंसा होने की सम्भावना रहती है। चूल्हा (अग्नि जलाने में), चक्की (पीसने में), बुहारी (बुहारने में), ऊखल (कूटने में), जल रखने के स्थान (जलपात्र रखने पर नीचे जीवों के दबने) से जो पाप होते हैं, उन पापों से मुक्त होने के लिए ब्रह्मयज्ञ-वेद वेदांगादि तथा पुराणादि तथा पुराणादि आर्षग्रन्थों का स्वाध्याय, पितृयज्ञ-श्राद्ध तथा तर्पण, देवयज्ञ- देवताओं का पूजन एवं हवन, भूतयज्ञ- बलिवैश्वदेव तथा पंचबलि, मनुष्ययज्ञ- अतिथि-सत्कार-इन पाँचों यज्ञों को प्रतिदिन अवश्य करना चाहिये।

पंच सूना गृहस्थस्य चुल्ली पेषण्युपस्करः।

कण्डनी चोदकुम्भश्च बध्यते वास्तु वाहयन्।।

तासां क्रमेण सर्वासां निष्कृत्यर्थं महर्षिभिः।

पंच क्लृप्ता महायज्ञाः प्रत्यहं गृहमेधिनाम्।।

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्।

होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोतिथिपूजनम्।।

(मनु० 3। 68-70)

ब्रह्मयज्ञ

संध्या-वन्दन के बाद द्विजमात्र को प्रतिदिन वेद-पुराणादि का

पठन-पाठन करना चाहिये अथवा नीचे लिखे मन्त्रों का पाठ करें। (समयाभाव होने पर केवल गायत्री महामन्त्र के जपने से भी ब्रह्मयज्ञ की पूर्ति हो जाती है'।)

देश-काल के स्मरणपूर्वक 'अथ ब्रह्मयज्ञाख्यं कर्म करिष्ये' -

ऐसा उच्चारण कर संकल्प करें।

ऋग्वेद - ॐ अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। हमोतारं रत्नधातमम्। यजुर्वेद - ॐ इषे त्वोर्जे त्वा वायव स्थ देवो वः सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्मण आप्यायध्वमघ्न्या इन्द्राय भागं प्रजावतीरनमीवा अयक्ष्मा मा वस्तेन ईशत माघशँ सो ध्रुवा अस्मिन् गोपतौ स्यात बहनीर्यजमानस्य पशून पाहि।

सामवेद -ॐ अग्न आ आहि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि हमोता सत्सि बर्हिषि।

अथर्ववेद -ॐ शं नो देवीरभीष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंयोरभिस्त्रवन्तु नः।

निरुक्तम् -समाम्नायः समाम्नातः।

छन्द - मयरसतजभनलगसंमितम्।

निघण्टु -गौः ग्मा।

ज्यौतिषम् -पंचसंवत्सरमयम्।

शिक्षा - अथ शिक्षां प्रवक्ष्यामि।

व्याकरणम् -वृद्धिरादैच्।

कल्पसूत्रम्   -अथातोधिकारः फलयुक्तानि कर्माणि।

गृह्यसूत्रम्   -प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्तसिद्धान्तावयव-

तर्कनिर्णयवादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रहस्थानानां तत्वज्ञानान्निः श्रेयसाधिगमः।

वैशेषिकदर्शनम् - अथातो धर्मं व्याख्यास्यामः। यतोभ्युदयनिःश्रेयसिद्धिः स धर्मः।

योगदर्शनम्   अथ योगानुशासनम्। योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। -

सांख्यदर्शनम्   - अथ त्रिविधदुः खात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः।

भारद्वाजकर्ममीमांसा - अथातो धर्मजिज्ञासा। धारो धर्मः।

जैमिनीयकर्ममीमांसा - अथातो धर्मजिज्ञासा, चोदना-लक्षणोैर्थो धर्मः।

ब्रह्ममीमांसाअथातो ब्रह्मजिज्ञासा। जन्माद्यस्यस यतः। - यात्।शास्त्रयोनित्वात्। तत्तु समन्व

स्मृतिः -

मनुमेकाग्रमासीनमभिगम्य महर्षयः।
प्रतिपूज्य यथान्यायमिदं वचनमब्रुवन्।।

रामायणम् -

तपःस्वाध्यायनिरतं तपस्वी वाग्विदां वरम्।

नारदं परिपप्रच्छ वाल्मीकिर्मुनिपुंवम्।।

भारतम् -

नारायणं नमस्कृत्य नरंचैव नरोत्तमम्।

देवीं सरस्वतीं व्यासं ततो जयमुदीरयेत्।।

पुराणम् -

जन्मादयस्य यतोऽन्वयादितरतश्चार्थेष्वभिज्ञः स्वराट्

तेने ब्रह्म हदा य आदिकवये मुह्यन्ति यत्सूरयः।

तेजोवारिमृदां यथा विनिमयो यत्र त्रिसर्गोऽमृषा

धाम्ना स्वेन सदा निरस्तकुहकं सत्यं परं धीमहि।।

तन्त्रम् -

आचारमूला जातिः स्यादाचारः शास्त्रमूलकः।

वेदवाक्यं शास्त्रमूलं वेदः साधकमूलकः।।

साधकश्च क्रियामूलः क्रियापि फलमूलिका।

फलमूलं सुखं देवि सुखमानन्दमूलकम्।।

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 भद्र सूत्र तथा द्वादश गणेश नाम पर प्रकाश डालें।

प्रश्न - 2 कुल देवता का स्मरण किसके बाद किया जाता है।

प्रश्न - 3 वैदिक मंत्र द्वारा गणेश के आवाहन पर प्रकाश डालें।

♦♦♦

इकाई- 7 देवपूजन- 2
द्वादशगणपति- मंगलश्लोक, पृथ्वी-पूजन, संकल्प, पृथ्वी-स्पर्श

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में देव पूजन क्रम में गणपति का ध्यान, मंगल श्लोक आदि के वाचन की परंपरा क्या है और इनका क्या महत्व है। इस विषय पर प्रकाश डाला गया है। इस इकाई के अध्ययन से निम्न विषयों की जानकारी होगी।

क. द्वादश गणपति के प्रणाम की परंपरा।

ख. मंगल श्लोक की पाठ की विधि।

ग. पृथ्वी का विधान।

घ. संकल्प और पृथ्वी स्पर्श का विधान।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को ज्ञान प्राप्त होगा।

क. द्वादश गणपति के ध्यान का।

ख. मंगलश्लोक वाचन का।

ग. पृथ्वी पूजन का।

घ. पृथ्वी स्पर्श का।

ड. संकल्प का।

द्वादश गणपति पूजन

भद्र सूक्त तथा कुलाधि देवता स्मरण के पश्चात पुनः हाथ में पुष्प लेकर के द्वादशि गणपति तथा मंगल स्लोको के द्वारा गणेश तथा अन्य देवताओं का ध्यान रखना चाहिए।

सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णकः।

लम्बोदरश्च विकटो विघ्ननाशो विनायकः।।

धूम्रकेतुर्गणाध्यक्षो भालचन्द्रो गजाननः।

द्वादशैतानि नामानि यः पठेच्छृणुयादपि।।

विद्यारम्भे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा।

सड.ग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते।।

शुक्लाम्बरधरं देवं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।

प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशान्तये।।

अभीप्सितार्थसिद्धयर्थ पूजितो यः सुरासुरैः।

सर्वविघ्नहरस्तस्मै गणाधिपतये नमः।।

सर्वमंगल्ये! शिवे! सर्वार्थसाधिके।

शरण्ये त्रयम्बके! गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।

बोध-प्रश्न

१ .द्वादश गणपति कहते है।

१. गणेश जी के बारह स्वरूप को

२. विष्णु के स्वरूप को

3. दुर्गा के स्वरूप को

4. शिव के स्वरूप को

2 .द्वादश गणपति का पाठ होता है।

१. पूजा में　　　2. तर्पण में

3. पिण्डदान में　　　4. किसी भी समय

3. द्वादश गणपति का पाठ होता है

1. शांति के लिए　　　2. उन्नति के लिए

3. ज्ञान के लिए　　　4. सभी विषयों के लिए

4 .द्वादश गणपति का पाठ करना चाहिए

1. गृहस्थ को　　　2. संयासी को

3. विद्यार्थी को　　　4. सभी को

5. द्वादश गणपति के पाठ से प्राप्त होती है

1. शांति　　　2. ज्ञान

3. धन　　　4. सब कुछ

मंगल-श्लोक

सर्वदा सर्वकार्येषु नास्ति तेषाममंगलम्।

येषां हदिस्थो भगवान् मंगलायतनं हरिः।।

तदेव लग्नं सुदिनं तदेव ताराबलं चन्द्रबलं तदेव।

विद्याबलं देवबलं तदेव लक्ष्मीपते तेऽङ.घ्रियुगं स्मरामि।।

लाभस्तेषां जयस्तेषां कुतस्तेषां पराजयः।

येषामिन्दीवरश्यामो हृदयस्थो जनार्दनः।।

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।

तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम।।

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।

तेषां नितयाभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्।।

स्मृतेः सकलकल्याणं भाजनं यत्र जायते।

पुरुषं तमजं नित्यं व्रजामि शरणं हरिम्।।

सर्वेष्वारम्भकार्येषु त्रयस्त्रिभुवनेश्वराः।

देवा दिशन्तु नः सिद्धिं ब्रह्मेशानजनार्दनाः।।

विश्वेशं माधवं ढृण्ढिं दण्डपाणिं च भैरवम्।

वन्दे काशीं गुहां गंगां भवानीं मणिकर्णिकाम्।।

वक्रतुण्ड महाकाय कोटिसूर्यसमप्रभ।

निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

गणेशाम्बिकाभ्यां नमः।।

गणपति के ध्यानोपरान्त हाथ में लिया हुआ पुष्प गणेश जी के सम्मुख छोड़ देना चाहिए।

बोध प्रश्न

1 मांगलिक श्लोक क्या है।

1 स्वस्तिवाचन 2 पुरूषशूक्त

3 शुमुखश्चैव कदन्तहम 4 या इनमे से कोई नही

2 मांगलिक श्लोक से किस देवता का तात्पर्य है।

1 विष्णु 2 राम

3 हनुमान 4 गणेश

3 मांगलिक श्लोक का पाठ क्यो होता है।

1 पूजन के लिए 2 धन प्राप्ति के लिए

3 यश विनय प्राप्ति के लिए 4 कार्य निविघ्न के लिए

4 मांगलिक श्लोक मे किस देवता ध्यान नही होता है।

1 गणेश जी का 2 विष्णु जी का

3 शंकर जी का 4 नवग्रह का

5. मांगलिक श्लोक का पाठ कर सकते है।

1. गृहस्थ 2. विद्यार्थी

3. संयासी 4. सभी

पृथ्वी पूजनः-

पुनः हाथ में पुष्प लेकर पृथ्वी का ध्यान करें निम्न मन्त्र द्वारा पृथ्वी का ध्यान करें-

ॐ स्योना पृथिवीनो भवानृक्षरा निवेशिनी।

यच्छानः शर्म्म सप्रथाः।।

ॐ भूर्भुवः स्वः आधार शक्त्यै पृथिव्यै नमः।

सर्वोपचारार्थे गन्धाक्षत-पुष्पाणि समर्पयामि।।

स्नान चार बार पृथ्वी पर जल डालें फिर जल के उपरान्त हल्दी रोली सिन्दूर तथा चावल चढ़ाए और दूध द्वीप नैवेद्य से पूजन करें तथा पूजन का सम्पूर्ण फल प्राप्त करने के लिए दक्षिणा चढ़ाए तथा पुनः पृथ्वी को प्रणाम करें और हाथों द्वारा हाथ को पृथ्वी की तरफ सीधा करके हाथों से परिक्रमा करें।

ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य

भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृ ह पृथिवीं मा हि सीः।।

बोध प्रश्न

1 पृथ्वी पूजन का क्रम क्या है।

1 गणेश पूजा के बाद 2 कलश स्थापन के बाद

3 संकल्प के पहले 4 संकल्प के बाद

2 पृथ्वी मानी जाती है।

1 विष्णु पत्नी	2 विद्या
3. यज्ञ देवी	4. इनमें से कोई

3. पृथ्वी पूजन का विधान लिया गया है।

1. वेदों से	2. पुराणों से
3. लोक मान्यताओं से	4. अन्य मतानुसार

4. पृथ्वी पूजन होती है।

1. श्राद्ध एवं पूजन में	2. भोजन में
3. शयन में	4. स्नान में

5. पृथ्वी पूजा से प्राप्त होती है।

1. शांति	2. लक्ष्मी
3. बल	4. सब कुछ

फूल तोड़ने का मन्त्र -प्रातः कालिक स्नानादि कृत्यों के बाद तोड़ने से पहले हाथपैर धोकर आचमन कर लें।-

पूरब की ओर मुँह कर हाथ जोड़कर मन्त्र बोले-

मा नु शोकं कुरुष्व त्वं स्थानत्यागं च मा कुरु।

देवता पूजनार्थाय प्रार्थयामि वनस्पते।।

पहला फूल तोड़ते समय 'ॐ वरुणाय नमः' ,दूसरा फूल तोड़ते समय 'ॐ व्योमाय1 नमः' और तीसरा फूल तोड़ते समय 'ॐ पृथिव्यै नमः' बोले2।

तुलसी दलस्कन्दपुराण का वचन है कि जो हाथ पूजार्थ -चयन- नते हैंतुलसी चु, वे धन्य हैं-

तुलसीं ये विचिन्वन्ति धन्यास्ते करपल्लवाः।

तुलसी का एक-एक पत्ता न तोड़कर पत्तियों के साथ अग्रभाग को तोड़ना चाहिये। तुलसी की मंजरी सब फूलों से बढ़कर मानी जाती है। मंजरी तोड़ते समय उसमें पत्तियों का रहना भी आवश्यक माना गया है3। निम्नलिखित मन्त्र पढ़कर पूज्य भाव से पौधे को हिलाये बिना तुलसी के अग्रभाग को तोड़े। इससे पूजा का फल लाख गुना बढ़ जाता है4।

तुलसी दल तोड़ने के मन्त्र -

तुलस्यमृतजन्मासि सदा त्वं केशवप्रिया।

चिनोमि केशवस्यार्थे वरदा भव शोभने।।

त्वदंगसम्भवैः पत्रैः पूजयामि यथा हरिम्।

तथा कुरु पवित्रांगिकलौ मलविनाशिनि।। !

(आह्निक सूत्रावल)

तुलसीदल- चयन में निषिद्ध समय - वैधृति और व्यतीपात- इन दो योगों में, मंगल, शुक्र और रवि- इन तीन वारों में, द्वादशी, अमावस्या एवं पूर्णिमा- इन तीन तिथियों में, संक्रान्ति और जननाशौच तथा मरणाशौच में तुलसीदल तोड़ना मना है1। संक्रान्ति अमावास्या, द्वादशी, रात्रि और दोनों संध्यायों में भी तुलसीदल न तोड़ें2, किन्तु तुलसी के बिना भगवान् की पूजा पूर्ण नहीं मानी जाती, अतः निषिद्ध समय में तुलसी वृक्ष से स्वयं गिरी हुई पत्ती से पूजा करें3, (पहले दिन के पवित्र स्थान पर रखे हुए तुलसी दल से भी भगवान् की पूजा की जा सकती है)। शालग्राम की पूजा के लिये निषिद्ध तिथियों में तुलसी

तोड़ी जा सकती है4। बिना स्नान के और जूता पहनकर भी तुलसी न तोड़ें1।

बिल्वपत्र तोड़ने का मन्त्र-

अमृतोद्धव! श्रीवृक्ष! महादेवप्रियः सदा।

गृह्णमि तव पत्राणि शिवपूजार्थमादरात्।।

(आचारेन्दु)

बिल्वपत्र तोड़ने का निषिद्ध काल - चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावास्या तिथियों को, संक्रान्ति के समय और सोमवार को बिल्वपत्र न तोड़ें। किन्तु बिल्वपत्र शंकरजी को बहुत प्रिय है, अतः निषिद्ध समय में पहले दिन का रखा बिल्वपत्र चढ़ाना चाहिये। शास्त्र ने तो यहाँ तक कहा है कि यदि नूतन बिल्वपत्र न मिल सके तो चढ़ाये हुए बिल्वपत्र को ही धोकर बार-बार चढाता रहे।

बासी जल, फूल का निषेध जो फूल -, पत्ते और जल बासी हो गये हो, उन्हें देवताओं पर न चढायें। किन्तु तुलसीदल और गंगाजल बासी नहीं होते। तीर्थों का जल भी बासी नहीं होता। वस्त्र, यज्ञोपवीत और आभूषण में भी निर्माल्यका दोष नहीं आता1।

माली के घर में रखे हुए फूलों में बासी दोष नहीं आता। दौना तुलसी की ही तरह एक पौधा होता है। भगवान् विष्णु को यह बहुत प्रिय है। स्कन्दपुराण में आया है कि दौना की माला भगवान् को इतनी प्रिय है कि वे इसे सूख जाने पर भी स्वीकार कर लेते हैं। मणि, रत्न, सुवर्ण, वस्त्र आदि से बनाये गये फूल बासी नहीं होते। इन्हें प्रोक्षण कर चढ़ाना चाहिये।

नारद जी ने ‘मानस‘ (मन के द्वारा भावित) फूल को सबसे श्रेष्ठ फूल माना है। उन्होंने देवराज इन्द्र को बतलाया है कि हजारों-करोड़ों बाह्य फूलों को चढ़ाकर जो फल प्राप्त किया जा सकता है, वह केवल एक मानस-फूल चढ़ाने से प्राप्त हो जाता है। इससे मानस-पुष्प ही उत्तम पुष्प है। बाह्य पुष्प ते निर्माल्य भी होते हैं। मानस-पुष्पों में बासी आदि कोई दोष नहीं होता। इसलिये पूजा करते समय मन से गढ़कर फूल चढ़ाने का अद्भुत आनन्द अवश्य प्राप्त करना चाहिये।

सामान्यतया निषिद्ध फूल - यहाँ उन निषेधों को दिया जा रहा है जो सामान्यतया सब पूजा में सब फूलों पर लागू होते हैं। भगवान् पर चढ़ाया हुआ फूल ‘निर्माल्य‘ कहलाता है, सूँघा हुआ या अंगन में लगाया हुआ फूल भी इसी कोटि में आता है। इन्हें न चढ़ाये। भौंरे के सूँघने से फूल दूषित नहीं होता। जो फूल अपवित्र बर्तन में रख दिया गया हो, अपवित्र स्थान में उत्पन्न हो, आग से झुलस गया हो, कीड़ों से विद्ध हो, सुन्दर न हो, जिसकी पंखुड़ियाँ बिखर गयी हों, जो पृथ्वी पर गिर पड़ा हो, जो पूर्णतः खिला न हो, जिसमें खट्टी गंध या सड़ाँध आती हो, निर्गन्ध हो या उग्र गन्धवाला हो, ऐसे पुष्पों को नहीं चढ़ाना चाहिये। जो फूल बायें हाथ, पहनने वाले अधोवस्त्र, आक और रेंड़ के पत्ते में रखकर लाये गये हों, वे फूल त्याज्य हैं। कलियों को चढ़ाना मना है, किंतु यह निषेध कमल पर लागू नहीं है।

यहाँ पूजा सामान्य रूप से पूजा की विधि दी जा रही है। साथ-साथ नाम मन्त्र भी हैं। जो श्लोकों का उच्चारण न कर सकें, वे नाम-मन्त्र से षोडशोचार पूजन करें।

गृह - पूजा-मन्दिर में स्थित पंचदेव-

यदि गृह का मन्दिर हो तो पूजा गृह में प्रवेश करने से पहले

बाहर दरवाजे पर ही पूर्वोक्त प्रकार से आचमन कर ले और तीन तालियाँ बजाये और विनम्रता के साथ मन्दिर में प्रवेश करे। ताली बजाने के पहले निम्नलिखित विनियोगसहित मन्त्र पढ़ लें-

विनियोग- अपसर्पन्त्विति मन्त्रस्य वामदेव ऋषिः, शिवो देवता, अनुष्टुप् छन्दः, भूतादिविघ्नोत्सादने विनियोगः।

भूतोत्सादन-मन्त्र-

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूतले स्थिताः।

ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।

पश्चात् देवताओं का ध्यान करें, साष्टांग प्रणाम करें। बाद में निम्नलिखित विनियोग और मन्त्र पढ़कर आसन पर बैठकर उसको जल से पवित्र करें।

आसन पवित्र करने का विनियोग एवं मन्त्र-

ॐ पृथ्वीति मन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः,

कूर्मो देवता, आसनपवित्रकरणे विनियोगः।

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।

त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्।।

पूजा की बाहरी तैयारी

बैठने के पूर्व पूजा की आवश्यक तैयारी कर लें। ताजे'जल को कपड़े छानकर कलश में भरे। आचमनी से शंख में भी जल डालकर फूल को जल में डुबाकर धोना मना है। केवल जल से इसका प्रोक्षण

कर देना चाहिये।

पुष्पादि चढ़ाने की विधि - फूल, फल और पत्ते जैसे उगते हैं, वैसे ही इन्हें चढ़ाना चाहिये। उत्पन्न होते समय इसका मुख ऊपर की ओर होता है, अतः चढ़ाते समय इनका मुख ऊपर की ओर ही रखना चाहिये। इनका मुख नीचे की ओर न करें। दूर्वा एवं तुलसीदल को अपनी ओर बिल्वपत्र नीचे मुखकर चढ़ाना चाहिये। इनसे भिन्न पत्तों को ऊपर मुख कर या नीचे मुख कर दोनों ही प्रकार से चढ़ाया जा सकता है। दाहिने हाथ के करतल को उत्तान कर मध्यमा, अनामिका और अँगूठे की सहायता से फूल चढ़ाना चाहिये।

उतारने की विधि चढे हुए फूल को अँगूठे और तर्जनी की - सहायता से उतारें।

पंचदेव-पूजा (आगमोक्त-पद्धति)

प्रतिदिन पंचदेव-पूजा अवश्य करनी चाहिये। यदि वेद के मन्त्र अभ्यस्त न हों तो आगमोक्त मन्त्र से, यदि वे भी अभ्यस्त न हों तो नाम मन्त्र से और यदि यह भी सम्भव न हो तो बिना मन्त्र के ही जल, चन्दन आदि चढ़ाकर पूजा करनी चाहिये।

पूजा- सामाग्री के रखने का प्रकार पूजन की किस वस्तु को किधर रखना चाहिये, इस बात का भी शास्त्र ने निर्देश दिया है। इसके अनुसार वस्तुओं को यथास्थान सजा देना चाहिये।

बायीं ओर -(1) सुवासित जल से भरा उदकुम्भ जलपात्र) 3), (2) घंटा 4 और (3) धूपदानी। (4) तेल का दीपक भी बायीं ओर रखें।

दायीं ओर -(1) घृतका दीपक और (2) सुवासित जल से भरा शंख7।

सामने - (1) कुंकुम (केसर) और कपूर के साथ घिसा गाढ़ा चन्दन। (2) पुष्प आदि हाथ में तथा चन्दन ताम्रपात्र में न रखें।

भगवान् के आगेचैकोर जल का घेरा डालकर नैवेद्य की वस्तु रखे। -

पूजा की भीतरी तैयारी

शास्त्रों में पूजा को हजार गुना अधिक महत्वपूर्ण बनाने के लिये एक उपाय बतलाया गया है। वह उपाय है, मानसपूजा। जिसे पूजा से पहले करके फिर बाह्य वस्तुओं से पूजन करें।

पहले पुष्पप्रकरण में शास्त्र का एक वचन उद्धृत किया जाता - है, जिसमें बतलाया गया है कि मनः कल्पित यदि एक फूल भी चढ़ा दिया जाय तो करोड़ों बाहरी फूल चढ़ाने के बराबर होता है। इसी प्रकार मानस चन्दन, धूप, दीप, नैवेद्य भी भगवान् को करोड़ गुना अधिक संतोष दे सकेंगें। अतः मानसपूजा बहुत अपेक्षित है।

मानसपूजा

वस्तुतः भगवान् को किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं, वे तो भाव के भूख हैं। संसार में ऐसे दिव्य पदार्थ उपलब्ध नहीं हैं, जिनसे परमेश्वर की पूजा की जा सके। इसलिये पुराणों में मानसपूजा का विशेष महत्व माना गया है। मानसपूजा में भक्त अपने इष्टदेव को मुक्तमणियों से मण्डितकर स्वर्णसिंहासन पर विराजमान कराता है। स्वर्गलोक की मन्दाकिनी गंगा के जल से अपने आराध्य को स्नान कराता है, कामधेनु गौ के दुग्ध से पंचामृत का निर्माण करता है। वस्त्राभूषण भी दिव्य अलौकिक होते हैं। पृथ्वीरूपी गन्ध का अनुलेपन करता है। अपने आराध्य के लिये कुबेर की पुष्पवाटिका से स्वर्ण कमल पुष्पों का चयन करता है। भावना से वायु रूपी धूप, अग्निरूपी

दीपक तथा अमृतरूपी नैवेद्य भगवान् को अर्पण करने की विधि हैं इसके साथ ही त्रिलोक की सम्पूर्ण वस्तु सभी उपचार सच्चिदानन्दघन परमात्म-प्रभु के चरणों में भावनासे भक्त अर्पण करता है। यह है मानसपूजा का स्वरूप। इसकी एक संक्षिप्त विधि भी पुराणों में वर्णित है। जो नीचे लिखी जा रही है-

ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं परिकल्पयामि।

(प्रभो! मैं पृथ्वीरूप गन्ध (चन्दन) आपको अर्पित करता हूँ।)

ॐ हं आकाशत्मकं पुष्पं परिकल्पयामि।

(प्रभो! मैं आकाशरूप पुष्प आपको अर्पित करता हूँ।)

ॐ यं वाय्वात्मकं धूपं परिकल्पयामि।

(प्रभो! मैं वायु देव के रूप में धूप आपको प्रदान करता हूँ।)

ॐ रं वह्नयात्मकं दीपं दर्शयामि।

(प्रभो! मैं अग्निदेव के रूप में दीपक आपको प्रदान करता हूँ।)

ॐ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि।

(प्रभो! मैं अमृत के समान नैवेद्य आपको निवेदन करता हूँ।)

ॐ सौं सर्वात्मकं सर्वोपचारं समर्पयामि।

(प्रभो! मैं सर्वात्माके रूप में संसार के सभी उपचारों को आपके चरणों में समर्पित करता हूँ।) इन मन्त्रों से भावनापूर्वक मानपूजा की जा सकती है।

मानसपूजा से चित्त एकाग्र और सरस हो जाता है, इससे बाह्य पूजा में भी रस मिलने लगता है। यद्यपि इसका प्रचार कम है, तथापि इसे अवश्व अपनाना चाहिये’।

संकल्पः-

अब पूजा कर्म में आगे बढ़ने के पूर्व जिस कार्य की सिद्धी के लिए पूजा करने चल रहे हैं। उस कार्य के निमित्त संकल्प लेना चाहिए। संकल्प दो प्रकार के होते हैं सकाम एवं निष्काम।

बोध प्रश्न

1 संकल्प क्यों किया जाता है।

1 पुण्य के लिए 2 कार्य अर्पण के लिए

3 कार्य पूरा होने हेतु 4 इनमें से कोई नही

2 सकाम संल्पि क्यो होता है।

1 पूर्णता के लिए 2 रक्षा के लिए

3 कामना विशेष के लिए 4 इनमे से कोई नही

3 संकल्प मे अहंकरिष्ये और का मतलब क्यो होता है।

1 मैं करूंगा 2 दूसरे के द्वारा कराऊगा

3 या इनमे से करूंगा 4. हम सब के द्वारा होगा

4. संकल्प की विधा प्राप्त हुई।

1. वेदों से 2. पुराणों से

3. उपनिषद से 4. नाटयकाव्य से

5. संकल्प करना चाहिए

1. पूजा के समय　　2. भोजन के समय

3. शयन के समय　　4. प्रत्येक कार्य में

सकाम संकल्पः-

जिस संकल्प में विशेष कार्य सिद्धी तथा किसी विशेष साधना का उल्लेख किया गया हो या किसी समस्या का समाधान का उल्लेख हो कार्य विशेष की प्राप्ति हो ऐसे संकल्प को सकाम संकल्प कहते हैं।

निष्काम संकल्पः-

वो संकल्प जिसमें मात्र और मात्र ईश्वर प्राप्ति की चर्चा की गयी हो उसे निष्काम संकल्प कहते हैं।

संकल्प पद्धतिः-

दाहिने हाथ में पुष्प, फल, चावल, सुपारी और कुस रखकर संकल्प किया जाये कुशा की जड बीचो बीच हथेली या गदोरी में रखनी चाहिए वाकदत्तम्, मनोदत्तम् दत्तम पाणि कुशोदकम् कुशा की जड़ जल में डूबी रहनी चाहिए कुशा का अग्रभाग देव तीर्थ से सामने की ओर रखना चाहिए सब पदार्थों के उपरान्त दक्षिणा लेकर संकल्प वाचन निम्न विधा द्वारा करना चाहिए-

ॐ विष्णुर्विष्णुविष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्री ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीये परार्द्धे श्रीश्वेत-वाराहकल्पे वैवश्वत-मन्वन्तरे अष्टाविंशति-तमे युगे कलियुगे कलि-प्रािमचरणे भूर्लोके जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारतवर्षे आर्यावर्तैकदेशे पुण्यक्षेत्रे (प्रयाग/काशी/क्षेत्रे) विक्रमशके बौद्धावतारे अमुकनाम-संवत्सरे

अमुक अयने श्री सूर्ये अमुक-ऋतौ महामांगल्यप्रद-मासोत्तमे अमुक-मासे अमुक-पक्षे अमुक-राशिस्थिते श्रीसूर्ये अमुकराशिस्थिते श्रीदेवगुरौ शेषेषु ग्रहेषु यथा-यथा राशिस्थान-स्थितेषु सत्सु एवं ग्रह-गुणगण-विशेषण-विशिष्टायां शुभपुण्यतिथौ अमुकगोत्रः अमुकशर्मा (वर्मा/गुप्तः) ऽहं श्रुति स्मृति-पुराणोक्त फल प्राप्तर्थ दैहिक-दैविक-भौतिक-तापत्रय विनाशाय धर्मार्थ-काम-मोक्ष पुरुषार्थ-चतुष्टय-सिद्धयर्थम्, मम जन्म राशि-वर्ष-गोचर दशा-अन्तर्दशा प्रत्यन्तरदशा-सूक्ष्मदशा योगिन्यादि दशा मध्ये च ये केचन् सूर्यादि अरिष्टप्रदाः ग्रहाः तेषां सकलारिष्ट वारणपूर्वकं शुभता-संसिद्ध्यर्थ, ग्रहकृता-राजकृता-शत्रुकृता च पीडा नाशार्थं सर्वविध-भयापमृत्युरोगादि-दूरीकरणाय सर्वत्र सुखशान्ति प्राप्तये च, मम समस्त-पापक्षयपूर्वकं दीर्घायुर्विपुल-धन-धन्य-पुत्र-पौत्राद्यनवच्छिन्न सन्ततिवृद्धि-स्थिरलक्ष्मी-बहुकीर्तिलाभ-शत्रु-पराजय-सदभीष्ट-सिद्धयर्थं मनोभिलषितं समस्त-कामना-सिद्धयर्थंच सपररिवारस्य सर्वविध-कल्याणार्थं श्री अमुक देवता-कृपा-प्रसाद-सिद्ध्यर्थं प्रसनार्थंच ब्राह्मण द्वारा अमुक मंत्रस्य/स्तोत्रस्य अमुक संख्याकं जपं/पाठं कारयिष्ये तदंगत्वेन वास्तुयोगिनी-क्षेत्रपाल-नवग्रह-सर्वतोभद्र/लिंगतोभद्र मण्डल देवानां आवाहन स्थापन, पूजन पूर्वकं प्रधान-वेद्यामुपुरि सुवर्ण-रजत-ताम्रमयीं वा अमुक देवस्य प्रतिमां अग्न्युत्तारण प्रतिष्ठा-पूर्वकं यथोपचार-पूजनं तत्रादौ च निर्विघ्नतायै गणपत्यादि-पंचांग-देवानां आवहनं स्थापनं पूजनं पुण्याह-वाचनं दिग्ररक्षणं साचार्यस्य ब्राह्मणानां वरणांग करिष्ये।

(संकल्प द्रव्यादि गणेश जी के सामने रख देवें।)

पृथ्वी स्पर्शः-

सबसे पहले दोनों हाथों से प्रणाम की मुद्रा में पृथ्वी का स्पर्श निम्न मंत्रों से करना चाहिए-

ॐ मही द्योः पृथिवी च न ऽइमं य्यज्ञं मिमिक्षताम्।

पितृतान्नों भरीमभिः।।

इस मन्त्रों को पढ़ता हुआ पृथ्वी का स्पर्श करें, पृथ्वी के स्पर्श के उपरान्त कलश स्थापन की प्रक्रिया प्रारम्भ करनी चाहिए।

बोध प्रश्न

1 किस मुद्रा मे पृथ्वी स्पर्श करना चाहिए

1 मृगि मुद्रा 2 सुरभि

3 प्रणाम कि मुद्रा 4 या अन्य मुद्रा

2 पृथ्वी स्पर्श का मन्त्र क्या है।

1 नाभ्या आसीत 2 चन्द्रमा मनसो

3 मानस्तोके 4 मही द्यौ

3 पृथ्वी स्पर्श का नियम क्या है।

1 पृथ्वी पूजन के बाद 2 गणेश पूजन से पहले

3 कलश स्थापन से पहले 4 इनमे से कोई नही

4 पृथ्वी स्पर्श परंपरा प्राप्त है।

1. वेद से 2. पुराण से

3. इतिहास से 4. अन्य ग्रन्थों से

5 पृथ्वी स्पर्श करना चाहिए

1. पूजा के समय 2. भोजन के समय

3. शयन के समय 4. प्रत्येक कार्य में

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 पृथ्वी पूजन का विधान क्या है।

प्रश्न - 2 संकल्प में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री।

प्रश्न - 3 सकाम सकल्प किसे कहते हैं।

प्रश्न - 4 निश्काम संकल्प किसे कहते हैं।

प्रश्न - 5 संकल्प में प्रयोजन का प्रयोग कैसे होता है। विधि पूर्वक बतायें।

♦♦♦

इकाई- 8 देवपूजन- 3

कलश-स्थापन

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में देव पूजन क्रम में कलश स्थापन की परंपरा पर प्रकाश डाला गया है। कलश में सामग्रियों का समावेश तथा डालने का क्रम विधि पूर्वक बतलाया गया है। इस इकाई के अध्ययन से कलश पूजन कितना महत्वपूर्ण है तथा कलश स्थापन की परंपरा क्या है इसका ज्ञान प्राप्त होगा।

क. कलश स्थापन की विधि क्या है।

ख. कलश में किस पर किस देवता का आवाहन का विधान है।

ग. कलश में क्या-क्या डालना चाहिए।

घ. कलश के नीचे किन-किन पदार्थों को रखना चाहिए।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को ज्ञान प्राप्त होगा।

क. कलश स्थापन विधि का।

ख. कलश विधि पूजन का।

कलश में रोली से स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर गले में तीन धागों वाला मौली लपेट लें, तथा जिस जगह कलश स्थापित करना हो उस भूमि अथवा पाँटे पर कुमकुम या रोली से स्पष्ट जल कमल

बनाएं, तथा उसके ऊपर कलश स्थापित करके निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ पृथ्वी स्पर्श

ॐ भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री।

पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृ ह पृथिवीं मा हि सीः।।

भूमि स्पर्श के पश्चात् उसी अष्टदल या कलश के नीचे भूमि पर सप्त धान्य डालें

सप्त धान्यः-

जौ, धान, तिल, कंगनी, मूँग, चना, साँवा यह सप्त धान्य कहलाता है। इसके अभाव में गेहूं तथा चावल और जौ डालने का भी विधान है, निम्न मन्त्र द्वारा सप्त धान्य कलश के नीचे डालें।

ॐ आ जिघ्र कलशं मह्या त्वा विशन्त्विन्दवः।

पुनरूर्जा नि वर्तस्व सा नः सहस्त्रं धुक्ष्वोरुधारा पयस्वती पुनर्मा विशताद्रयिः।।

कलश रखने के पश्चात् कलश में निम्न मंत्र पढ़ते हुए तीर्थ अथवा कूप जल निम्न मंत्र को पढ़ता हुआ डालें।

ॐ वरुणास्योत्तम्भनमसि वरुणस्य स्कम्भसर्जनी स्थो।

वरुणस्य ऋतसदन्यसि वरुणस्य ऋतसदनमसि वरुणस्य ऋतसदनमा सीद।।

जल डालते समय ध्यान दें आवश्यकता से अधिक जल कलश

में न रहे तथा जल के उपरान्त कलश में चन्दन निम्न मन्त्र पढ़ते हुए चन्दन डालें।

ॐ त्वां गन्धर्वा अखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः

त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान् यक्ष्मादमुच्यत

फिर चन्दन के बाद कलश के अन्दर सर्वोषधि निम्न मंत्र के द्वारा डाली जानी चाहिए-

ॐ या ओषधीः पूर्वाजाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा।

मनै नु बभ्रूणामह शतं धामानि सप्त च।।

सर्वोषधिः-

मुरा जटा माषी वच कुष्ट शिला जीत हल्दी दारु हल्दी सठी चम्पक मुस्ता यह सर्वोषधि कहलाती है, इनके अभाव में सतावर डालने से सर्वोषधि मानी जाती है, सर्वोषधि के उपरान्त कलश में दुर्बा डाली जाए।

ॐ काण्डात्काणत्प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।

एवा नो दुर्वे प्र तनु सहस्रेण शतेन च।।

इस मन्त्र द्वारा कलश के अन्दर दूर्बा डालें दूर्बा का ऊपर का भाग कोमल का भाग डालना चाहिए तथा इसके उपरान्त कलश में पंच पल्लव डालना चाहिए।

ॐ अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता।

गोभाज इत्किलासथ यत्सनवथ पूरुषम्।।

बरगद, गूलर, पीपल, आम, पाकड़ यह पंच पल्लव कहलाते हैं, इसके उपरान्त कलश में निम्न मन्त्र द्वारा कुशा स्थापित करें, कुशा उत्तर की दिशा की तरफ लगाए।

ॐ पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण

पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम्।।

कुशा डालने के पश्चात् कलश में सप्तमृत्तिका डालने का विधान है, निम्न मन्त्रों द्वारा कलश में डालें।

ॐ स्योना पृथिवी नो भवानृक्षरा निवेशनी।

यच्छा नः शर्म सप्रथाः। (सप्तमृत्तिका छोड़ें।)

सप्तमृत्तिका साथ स्थानों की मिट्टी को कहते हैं, घोड़साल, हाथीसाल, बॉबी नदियों की मिट्टी, तालाब तथा राजदरबार और गोसाला इन स्थानों की मिट्टी को सप्तमृत्तिका की संज्ञा की गयी है, अगर इनका अभाव हो तो संगम की मिट्टी डालें। मिट्टी डालने के उपरान्त कलश में सुपारी निम्न मन्त्र को पढ़ते हुए डालें-

ॐ याः फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त्व हसः।। (सुपारी छोड़ें।)

सुपारी डालने के पश्चात् कलश में पंचरत्न निम्नलिखित मन्त्रांे को पढ़कर डालना चाहिए-

ॐ परि वाजपतिः कविरग्निर्हव्यान्यक्रमीत्।

दूधद्रत्नानि दाशुषे। (पंचरत्न छोड़ें।)

पंचरत्न सोना, हीरा, मोती, पदमराग, नीलम यह पंचरत्न माने जाते हैं इनके अभाव में सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, मोती भी पंचरत्न माना जाता है।

पंचरत्न डालने के पश्चात् कलश में निम्न मन्त्र पढ़ते हुए द्रव्य डालना चाहिए-

ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे जातः पतिरेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम्।। (द्रव्य छोड़े।)

द्रव्य डालने के उपरान्त कलश का वस्त्र से अलंकृत करना चाहिए वस्त्र लपेटने का मन्त्र इस प्रकार है।

ॐ सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथमाऽसदत्स्वः।

वासो अग्ने विश्वरूप सं व्ययस्व विभावसो।

वस्त्र के उपरान्त कलश के ऊपर पूर्ण पात्र स्थापित करना चाहिए मन्त्र-

ॐ पूर्णा दर्वि परा पत सुपूर्णा पुनरा पत।

वस्नेव विक्रीणावहा इषमूर्ज शतक्रतो।।

पूर्ण पात्र के बाद कलश के ऊपर नारियल या फल निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ स्थापित करना चाहिए-

ॐ याः फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः

बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त्व हसः

अब कलश में देवी देवताओं आवादन करने के लिए हाथ में अक्षत लेकर निम्नलिखित मन्त्रों द्वारा वरुण का आवाहन करना चाहिए-

कलशमें वरुणा ध्यान और आवहन-

ॐ तत्त्वा यामि ब्रहमणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः।

अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुश स मा न आयुः प्र मोषीः।।

अस्मिन् कलशे वरुणं सांग सपरिवारं सायुधं सशक्तिकमावाहयामि।

मन्त्र बोलने के पश्चात अक्षत पुष्प कलश में छोड़ दें, तथा पुनः हाथ में अक्षत पुष्प लेकर चारों वेद एवं अन्य देवी देवताओं का आवाहन करना चाहिए।

कलशस्य मुखे विष्णुः कण्ठे रुद्रः समाश्रितः।

मूले त्वस्य स्थितो ब्रहमा मध्ये मातृगणाः स्मृताः।।

कुक्षौ तु सागराः सर्वे सप्तद्वीपा वसुन्धरा।

ऋग्वेदोऽथ यजुर्वेदः सामवेदो ह्यथर्वणः।।

अंगैश्च सहिताः सर्वे कलशं तु समाश्रितः।

अत्र गायत्री सावित्री शान्तिः पुष्टिकरी तथा।

आयान्तु देवपूजार्थं दुरितक्षयकारकाः।

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।।

नर्मदे सिन्धुकावेरि जलेऽस्मिन् संनिधिं कुरु।

सर्वे समुद्राः सरितस्तीर्थानि जलदा नदाः।।

आयान्तु मम शान्त्यर्थं दुरितक्षयकारकाः।

इस तरह जलाधिपति वरुण देव तथा वेदों तीर्थों, नदियों, सागरों तथा देवताओं के आवाहन के पश्चात हाथ में अक्षत पुष्प लेकर वेद मन्त्र द्वारा प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

ॐ मनो जूतिर्जुषतामाज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं तनोत्वरिष्टं

यज्ञ समिमं दधातु। विश्वे देवास इह मादयन्तामो ॐप्रतिष्ठा।।

कलशे वरुणाद्यावाहितदेवताः सुप्रतिष्ठिता वरदा भवन्तु।

ॐ वरुणाद्यावाहितदेवताभ्यो नमः

यह कर अक्षत पुष्प कलश के पास छोड़ दें।

बोध प्रश्न

1 कलश मे किस देवता का आवाहन होता है।

1 गणेश जी 2 हनुमान जी

3 वरूण 4 अन्य

2 कलश स्थापन मे ताम्बूल पेटिका क्रम कौन से है।

1 प्रथम 2 पंचम

3 सप्तम 4 एकादश

3 कलश मे पंचरत्न कौन से डाले जोते है।

1 ज्यादी 2 पन्ना

3 मूगा 4 सांना हीरा मोती पद्‌मराग और नीलम

4 कलश स्थापन के समय जव क्यो बोया जाता है।

1 सिद्‌धि के लिए 2 धन के लिए

3 मंत्राकक्षत देने के लिए 4 इनमे से कोई नही

5. कलश स्थापन किया जाता है।

1. पूजन के समय 2. स्नान में

3. युद्‌ध में 4. किसी भी समय

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न - 1 कलश के नीचे क्या डाला जाता है।

प्रश्न - 2 कलश में प्रयुक्त होने वाली पवित्री किस दिशा में होनी चाहिए।

प्रश्न - 3 कलश में सफल ताम्बूल डालने का मंत्र बतायें।

प्रश्न - 4 कलश में सर्व औसधी किसे कहते हैं सर्व औसधी के अभाव में क्या डालने चाहिए।

प्रश्न - 5 कलश आवाहन का मंत्र बतायें।

♦♦♦

इकाई- 9 देवपूजन- 4
गौरी-गणपति-आवाहन एवं पूजन

प्रस्तावना

प्रस्तुत इकाई में देव पूजन क्रम में गौरी-गणपति का आवाहन एवं पूजन बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। इस पर विधिपूर्वक प्रकाश डाला गया है। इस इकाई के अध्ययन से निम्न बातों की ज्ञान प्राप्त होगा।

क. गौरी एवं गणेश का निर्माण।

ख. गौरी और गणेश का स्थान।

ग. गौरी और गणेश के आवाहन का नियम।

घ. आवाहन के पश्चात पूजा की विधि।

उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन से विद्यार्थी को ज्ञान प्राप्त होगा।

क. गौरी और गणपति आवाहन का।

ख. गौरी और गणपति पूजन का।

सर्वप्रथम गौर गोबर के गौरी तथा सुपारी या नारियल से गणेश बना लें, सम्मुख रख लें, गौरी तथा गणेश के रखने के पश्चात हाथ में अक्षत पुष्प लेकर निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ आवाहन करें।

आवाहन मन्त्रः-

गणेश-आवाहनम्

(हाथ में अक्षत पुष्प लेकर गणेश गौरी का आवाहन करें)

ॐ गणानान्तवा गणपति ꣳ हवामहे प्प्रियाणन्त्वा

प्प्रियपति गुं निधीनान्त्वा निधिपति गुं हवामहे व्वसो

मम। आहमजानि गर्ब्भधमात्वमजासि गर्ब्भधम्।।

हे हेरम्ब त्वमेह्योहि ह्याम्बिकात्र्यम्बकात्मज!।

सिद्धि-बुद्धिपते त्र्यक्ष लक्ष-लाभपितुः पितः।।1।।

नागास्यं नागहारं त्वां गणराजं चतुर्भुजम्।

भूषितं स्वायुधैर्दिव्यैः पाशांगकुश-परश्वधैः।।2।।

आवाहयामि पूजार्थं रक्षार्थं च मम क्रतोः।

इहाऽऽगत्य गृहाण त्वं पूजां यागं च रक्ष मे।।3।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये नमः, गणपतिमावाहयामि स्थापयामि।

गौरी-आवाहनम्ः-

ॐ अम्बे ऽअम्बिकेऽम्बालिके न मा नयति कश्चन्।

ससस्त्यश्श्वकः सुभद्द्रिकांगम्पील-वासिनीम्।।

हेमाद्रितनयां देवीं वरदां शंकरप्रियाम्।

लम्बोदरस्य जननीं गौरीमावाहयामि स्थापयामि।

(गौरी-गणेश को स्पर्श करके अक्षत छोड़ते हुए प्रतिष्ठा करें)

हाथ के अक्षत गणेश जी पर चढ़ा कर पुनः अक्षत लेकर वेद मन्त्र द्वारा प्रतिष्ठा करें।

ॐ मनो जूतिर्ज्जुषतामाज्ज्यस्य बृहस्प्पतिर्य्यज्ञमिमं

तनोत्वरिष्ट्टं य्यज्ञ गुं समिमं दधातु। विश्श्वेदेवा स ऽइहमादयन्तामों ॐ प्रतिष्टठ।।

अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च।

अस्यै देवत्वमर्चायै मामहेति च कश्चन।।

ॐ भूर्भुवः स्वः गणेशाऽम्बिके सुप्रतिष्ठिते वरदे भवेताम्।

अक्षत गणेश की ऊपर डाल दें, जल से पाद्य अर्ध आचमी तीन बार जल चढ़ाएं तथा एक आचमी जल पुनः निम्न मन्त्र पढ़ते हुए छोड़ें-

ॐ तस्म्माद्यज्ञात्सर्व्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्ज्यम्।

पशूँस्ताँश्चक्के व्वायव्व्या नाण्ण्या ग्ग्राम्म्याश्च्च ये।।

मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम्।

तदिदं कल्पितं देव! स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, स्नानं समर्पयामि।

पंचामृत स्नानम्ः- (पंचामृत से स्नान करावें)

ॐ पंच नद्यः सरस्वतीमपि यन्ति सस्रोतसः।

सरस्वती तु पंचधा सो देशेऽभवत्सरित्।।

पंचामृतं मयाऽऽनीतं पयो दधि घृतं मधु।

शर्करा च समायुक्तं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, पंचामृत स्नानं समर्पयामि।

पंचामृत स्नाने के उपरान्त गंधोदक स्नान जल में हल्दी तथा कपूर इत्यादि डालकर गंधोदक बना लें, निम्नलिखित पढ़ते हुए गंधोदक से गौरी गणेश को स्नान करवाएं-

बोध-प्रश्न

1 गौरी गणेश का पूजन क्यो पहले होता है।

1 वास्तु क्रम से 2 धनप्रप्ति हेतु

3 कार्य सिद्धि हेतु 4 अन्य के लिए

2 गौरी गणेश का प्रथम पूजन का नियम किस देवता के कारण से हुआ ।

1 विष्णु 2 रामचन्द्र जी

3 श्री कृष्ण जी 4 शंकर जी।

3 गणेश जी का अवाहन किसके साथ होता है।

1 विष्णु जी 2 शंकर जी

3 रिद्धि सिद्धि के साथ 4 या इनमे से कोई नही

4 गणेश पूजन मे सर्वप्रथम हल्दी क्यों चढायी जाती है।

1 कार्य सिद्धि हेतु 2 गणेश जी को प्रिय है

3 पीला रंग शुभ का प्रतीक है। 4 या अन्य 5 गणेश जी के किस और माता गौरी का आवाहन होता है। 1 बाये 2 सामने 3 दाहिने 4 पीछे

गंधोदक-स्नान-

इस स्नान के उपरान्त पुनः भगवान को शुद्ध जल से स्नान करवाएं।

शुद्धोदक-स्नानम् - (शुद्ध जल से स्नान करावे)

शुद्धवालः सर्व्व शुद्धवालो मणि वालस्त ऽआश्विनाः

श्येतः श्येताक्षो ऽरुणस्ते रुद्द्राय पशुपते कर्ण्णा यामा

ऽअवलिप्प्ता रौद्द्रा नभोरूपाः पार्ज्जन्त्र्याः।।

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।

नर्मदे सिन्घु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधि कुरु।।

स्नान के उपरान्त एक आचमनी जल उपर्युक्त मन्त्र को कहते हुए चढ़ाएं तथा भगवान को वस्त्र निवेदित करें, अगर वस्त्र न हो तो मौली अथवा रूई निम्न मन्त्र पढ़ते हुए

वस्त्रम् - (वस्त्र या रक्षासूत्र चढ़ावें)

ॐ युवा सुवासाः परिवीत ऽआगात्स ऽउश्रेयान्भवति जायमानः।

तं धीरासः कवय ऽउन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः।।

शीत-वातोष्ण-संत्राणं लज्जाया रक्षणं परम्।

देहालंगरणं वस्त्रमतः शान्तिं प्रयच्छ मे।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, वस्त्रं समर्पयामि। वस्त्रान्ते द्विराचमनीयं जलं समर्पयामि।

वस्त्र के उपरान्त आचमन के लिए जल छोड़ें वस्त्र के उपरान्त भगवान को उपवस्त्र प्रदान करें।

उपवस्त्रम् - (उपवस्त्र या रक्षासूत्र चढ़ावे)

ॐ सुजातो ज्ज्योतिषा सह शर्म्म व्वरूथमासदत्स्वः।

व्वासो ऽअग्गने व्विश्वरूप गुं संव्व्ययस्व विभावसो।।

श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, उपवस्त्रं समर्पयामि।

इसके उपरान्त आचमन के लिए पुनः एक आचमनी जल लेकर निम्न वाक्य बोलते हुए भगवान को समर्पित करें-

उपवस्त्रान्ते द्विराचमनीयं जलं समर्पयामि,

उपवस्त्र के बार दो आचमनी जल गिरा दें। आचमन के पश्चात् यज्ञोपवीत निम्न मन्त्र बोलते हुए चढ़ाएं-

यज्ञोपवीतम् - (गणेश जी को जनेऊ चढ़ावे)

ॐ यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नमादित्यासो भवता मृडयन्तः।

आ वोऽर्वाची सुमतिर्वबृत्याद गुं होश्चिद्या वरिवोवित्तरा

सदादित्यीयस्त्वा।।

नवभिस्तन्तुभिर्युक्तं त्रिगुणं देवतामयम्।

उपवीतं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर!।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये नमः, यज्ञोपवीतं समर्पयामि।।

यज्ञोपवीतान्ते द्विराचमनं समर्पयामि।

जनेऊ के बाद भी दो आचमानी जल गिरावें।

यज्ञोपवीत चढ़ाने के उपरान्त एक आचमनी जल पुनः यह वाक्य कहते हुए चढ़ा दें,

श्रीखण्डं चन्दनं दिव्यं गन्धाढ्यं सुमनोहरम्।

विलेपनं सुरश्रेष्ठ! चन्दनं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, गन्धं समर्पयामि।

चन्दनः- भगवान को चन्दन लगाएं।

चन्दनम् - (चंदन या रोली (कुंकुम चढ़ावें)

ॐ त्वां गन्धर्व्वा ऽअखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्प्पतिः।

त्वामोषधे सोपो राजा विद्द्वात्र्यक्ष्मादमुच्च्यत।।

चन्दन के उपरान्त अक्षत निम्न मन्त्र को पढ़ता हुआ चढ़ाएं-

अक्षताः - (धुले हुए, चंदन, कुंकुम युक्त अक्षत चढ़ावें)

ॐ अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्प्रिया ऽअधूषत।

अस्तोषत स्वभानवो व्विप्प्रा नविष्ठ्ठया मतीयोजात्त्विन्दद्र ते हरी।।

अक्षताश्च सुरश्रेष्ठाः कुङ्कुमाक्ताः सुशोभिताः।

मया निवेदिता भक्त्या गृहाण परमेश्वर!।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, अक्षतान् समर्पयामि।

अक्षत के उपरान्त पुष्प माला भगवान को अर्पित करें मन्त्र-

पुष्पाणि (माला) - (सुगन्धित फूल तथा माला चढ़ावें)

ॐ ओषधीः प्प्रतिमोध्वं पुष्पतीः प्प्रसूवरीः।

अश्चा ऽइव सजित्वरीर्व्वीरुधः पारयिष्ण्णवः।।

माल्यादीनि सुगन्धीनि मालत्यादीनि वै प्रभो।

मयाऽऽहृतानि पुष्पाणि पूजार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः पुष्पाणि पुष्पमाला च समर्पयामि।

माला के उपरान्त गणेश जी पर तथा कलश पर दूर्बा चढ़ाएं मन्त्र-

दूर्बा - (गणेश जी को कोमल दूर्बा के इक्कीस अंकुर चढ़ावे। गौरी जी को दूर्वा न चढ़ावें)

ॐ काण्डात् काण्डात् प्ररोहन्ती परुषः परुषस्परि।

एवा नो दूर्व्वे प्प्रतनु सहस्रोण शतेन च।।

दूर्वाड.कुरान् सुहरितान्-अमृतान् मंगलप्रदान्।

आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण गणनायक!।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणपतये नमः, दुर्वांकुरान् समर्पयाणि।

सिन्दूरम् - (गणेश गौरी को पीला सिन्दूर चढ़ावे।)

दूर्बा गणेश जी को ही चढ़ती है, देवी जी पर दूर्बा न चढ़ाएं दूर्बा चढ़ाने के उपरान्त सिन्दूर चढ़ाएं मन्त्र-

ॐ सिन्धोरिव प्प्राद्ध्वने शूघनासो व्वानप्प्रमियः पतयंत्रि यह्व्वाः।

घृतस्य धारा ऽअरुषो न व्वाजी काष्ठ्ठा भिन्दत्रूर्म्मिभिः पिन्वमानः।।

सिन्दूर शोभनं रक्तं सौभाग्यं सुखवर्धनम्।

शुभदं कामर्द चैव सिन्दूरं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः सिन्दूरं समर्पयामि।

सिन्दूर के पश्चात् अबीर, गुलाल भगवान पर चढ़ाएं मन्त्र-

अबीरादि परिमलद्रव्यम् - (अबीर, गुलालादि द्रव्य चढ़ावें)

ॐ अहिरिव भोगैः पर्य्येति बाहु ज्ज्याया हेतिं प्परिबाधमानः।

हस्तघ्नो व्विश्श्वा व्वयुनानि व्विद्वान्न्पुमान् पुमा गुं सं प्परिपातु व्विश्वतः।।

नाना-परिमलैर्द्रर्निर्मितं चूर्णमुत्तमम्।

अबीरनामकं चूर्णं गन्धं चारु प्रगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, नानापरिमलद्रव्याणि समर्पयामि।

सुगन्धित द्रव्य अबीर गुलाल के पश्चात सुगंधित द्रव्य इत्र भगवान को निम्न मन्त्रों द्वारा निवेदित करें-

सुगन्धितद्रव्यम् - (इत्रादि सुगन्ध चढ़ावे)

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।

उर्व्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीयमामृतात्।।

नानासुगन्ध-पुष्पेभ्यः साररूपं समाहृतम्।

सुगन्धितमिदं द्रव्यं गृहाण सुरसत्तम।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, सुगन्धितद्रव्याणि समर्पयामि।।

तथा सुगंधित द्रव्य के उपरान्त धूप दिखाएं मन्त्र-

धूपम् - (धूपबत्ती अथवा अगरबत्ती से धूप देवे)

ॐ धूरसि धूर्व्व धूर्व्वन्तं धूर्व्व तं य्योऽस्समान् धूर्व्वति तं धूर्व्वयं व्वयं धूर्व्वामः।

देवानामसि व्वह्निनतम गुं सस्निनतमं पप्प्रितमं जुष्ट्टतमं देवहूतमम्।।

वनस्पतिरसोद्भूतो गन्धाढ्यो गन्धमुत्तमः।

आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, धूपं आघ्रापयामि।

धूप दिखाने के पश्चात भगवान को द्वीप दिखाएं-

दीपम् - (घी का दीपक दिखावे)

ॐ अग्निज्ज्योतिज्जर्योनिरग्निः स्वाहा सूर्य्यर्ज्ज्योतिज्ज्योतिः सूर्य्यः स्वाहा।

अग्निर्व्वर्च्चो ज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहह सूर्य्यो व्वर्च्चो ज्ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा।

ज्योतिः सूर्य्यो ज्ज्योतिः स्वाहा।।

साज्यं च वर्तिसंयुक्तं वाह्निना योजितं मया।

दीपं गृहाण देवेश! त्रैलोक्यतिमिरापहम्।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, दीपं दर्शयामि। (हस्तप्रक्षालनम्)

द्वीप दिखाने के पश्चात् द्वीप के ऊपर जल घुमाकर कहकर हाथ धुल लें, तत पश्चात् नैवेद्य भगवान को अर्पण करें, नैवेद्य लगाने के पश्चात् जल से मण्डल करते हुए निम्न मन्त्रों को बोलता हुआ ढक लें-

नैवेद्यम् - (अनेक प्रकार के मिष्ठान निवेदित करें)

ॐ नाब्भ्या ऽआसीदन्तरिक्ष गुं शीर्ष्णो द्यौः समवर्त्तत।

पद्भ्यां भूमिर्द्दिशः श्रोत्त्रात्तथा लोकाँ2ऽअकल्प्पयन्।।

शर्करा-खण्ड-खाद्यानि दधि-क्षीर-घृतानि च।

आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्यं प्रतिगृह्यताम्।।

ॐ प्राणाय स्वाहा। ॐ अपानाय स्वाहा। ॐ व्यानाय स्वाहा। ॐ उदानाय स्वाहा।

ॐ समानाय स्वाहा।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, नैवेद्यं निवेदयामि। लाचमनीयं समर्पयामि

मध्ये पानीयं उत्तरापोशनं समर्पयामि।

मन्त्र के पश्चात् चार बार आचमनी से जल गिरा दें तत पश्चात् ऋतु फल भगवान को निवेदित करें, मन्त्र-

ॐ याः फलिनीर्य्या ऽअफला ऽअपुष्प्या याश्च पुष्पिणीः।

बृहस्पति प्प्रसूतास्ता नो मुंचन्त्व गुं ह सः।।

इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव।

तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि।।

ॐ भूर्भुवः स्वः श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः, ऋतुफलानि समर्पयामि।

फल के उपरान्त एक आचमनी जल तथा भगवान पर चंदन दिड़के

अगुलियों के माध्यम से करोधवर्तन मन्त्र-

करोद्वर्त्तनम् - (करोद्वर्त्तन के लिए चंदन छिड़कना चाहिए)

